हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 22 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

12 नगरीय निकाय में एक वार्ड से एक ही कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा



12 रामदेव बाबा दरबार में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़








शिवनाथ उफान पर, 36 हजार क्यूसेक पानी मोंगरा बैराज से आ रहा

## झमाझम बारिश से सावन का स्वागत रपटा के 6 फीट ऊपर तक बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सावन मास का प्रारंभ सोमवार यानी 22 जुलाई से है। सावन का स्वागत एक दिन पहले यानी रविवार को बरखा रानी ने झमाझम बारिश से किया। दिन में और शाम को ऐसी बारिश हुई कि ट्विनसिटी की सड़कें लबालब हो गई। निकासी नालियां ऊफान पर आ गई। सुपेला अंडरब्रिज से लेकर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के सामने की निकासी नालियां पूरी तरफ भर आई। यहां का पानी सड़कों और आसपास की गलियों में भर गया। जिसकी वजह से लोगों की आवाजाही प्रभावित रही। आकाशगंगा और दक्षिण गंगोत्री परिसर की दुकानों तक पानी पहुंच गया। जिसकी वजह से दुकानदारी प्रभावित हुई।

### महमरा एनीकेट के ऊपर 6 फीट पानी

झमाझम बारिश से शिवनाथ नदी उफान पर आ गया है। मोंगरा बैराज से 36 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद शिवनाथ नदी के रपटा पर 6 फीट ऊपर बह रहा है। जिसकी वजह से महमरा गांव से संपर्क टूट गया है। इस गांव के लोगों को घूमकर आना जाना करना पड़ रहा है। आसपास के गांव में मुनादी कराई गई है।



सुपेला अंडरब्रिज से लेकर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के एप्रोच रोड का बारिश से यह हाल।

### ट्विनसिटी में सड़कों पर पानी ही पानी

ट्विनसिटी में रविवार दोपहर को अच्छी बारिश हुई। उसके बाद शाम को सिस्टम ऐसा बना कि झमाझम बारिश होती रही। भिलाई के रिसाली, मरोदा, पावरहाउस, छावनी, रामनगर, सुपेला,कैंप, खुर्सीपार , वैशालीनगर क्षेत्र आदि क्षेत्रों की गलियों में पानी ही पानी नजर आया। टाउनशिप का भी यही हाल रहा। दुर्ग के सिविल लाइन क्षेत्र में लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया। सेंट्रल जेल के सामने से लेकर सब्जी मार्केट तक निकासी नालियों का पानी सड़कों पर भर आया। जिसकी वजह से आवागमन करने में लोगों को दिक्कतें आई।

### मौसम विभाग ने दी चेतावनी

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र अंदरूनी उड़ीसा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है और इसके क्रमशः निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 12 घंटे में परिवर्तित होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, मंडला, निम्न दाब के केंद्र, चांदबाली और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक विंड शियर जोन 20 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर, अक्ष 67 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में मौजूद है।

### आज भी भारी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में 22 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने, भारी वर्षा होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर और दुर्ग संभाग के पूर्वी मध्य प्रदेश तथा विदर्भ से लगे क्षेत्र संभावित है।

### जिले में अब तक 233 मिलीमीटर औसत बारिश

जिले में 1 जून से 21 जुलाई तक 233.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 391.3 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 138.9 मिमी बोरी तहसील में दर्ज की गई। पाटन ब्लाक इस बार सबसे ज्यादा बारिश हुई। वहीं बोरी तहसील में सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। दुर्ग में 183.8 मिमी, तहसील धमधा में 171.1 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 196.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 257.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### कोटे से 41 प्रतिशत बारिश अब भी कम

दुर्ग जिले में रविवार को हुई झमाझम बारिश से किसानों की उम्मीदें जगी है। वहीं अब भी पिछले साल की अपेक्षा 41 प्रतिशत बारिश कम हुई है। लालपुर मौसम विभाग केंद्र रायपुर के मुताबिक दुर्ग जिले में रविवार तक 233.1 मिलीमीटर औसत बारिश हुई है। पिछले साल इस दिन तक 297.4 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी थी। प्रदेश के दुर्ग सहित सात जिलों में पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है। जिसमें बेमेतरा, जशपुर, मनेंद्रगढ़, सारंगढ़, सूरजपूर और सरगुजा जिला शामिल है।

गिरफ्तारी से बचने किया था ड्रामा

## टावर में चढ़ने वाला युवक निकला दस लाख का चोर



- स्मृतिनगर पुलिस का मामला
- एएसपी ने किया खुलासा
- सीएसपी के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने बनाई गई थी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

कुलर के ग्रील को तोड़कर लाखों रुपए का जेवरात व नगदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 10 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि स्मृति नगर निवासी सैय्यद जमील ने चोरी की शिकायत करने के बाद पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर एक अपचारी बालक को चांदी के जेवरात बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश में पकड़ा गया।बालक से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि कोहका में अपने साथी चंदन पारा बाबा दीप सिंह नगर वैशाली नगर निवासी राहुल बंसोड को पूर्व में बोरी का आदतन अपराधी है। इसके अलावा वैशाली नगर थाना का निगरानीशुदा बदमाश है। अपचारी बालक और राहुल मिलकर बोरी में चोरी करना स्वीकार किया। बोरी के कुछ जेवरात अपने घर में रखना बताया। फिर एसीसीयू की टीम ने आरोपी राहुल बसोड को पकड़ा पूछताछ करने पर गिरफ्तारी से बचने के लिए बीते दिनों मोबाईल टॉवर पर चढ़ गया था। उक्त मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों को पकड़ने के लिए सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में टीम बनी थी। इस दौरान एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम,स्मृति नगर प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे शामिल थे।

### पुलिस ने किया है जब्त

एएसपी ने बताया कि आरोपियों से सोना - चांदी के जेवरात में सोने को चूड़ी, हार, माथे का टीका, 10 सोने की अंगूठी, इयर रिंग, सोने की पुल्मी, तीन चेन लाकेट,कि रिंग,चांदी की मेहदी सल्ला, पायल, चांदी की चूड़ी, मोबाईल फोन और बाइक जब्त किया गया है। उक्त सामानों की कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई है।

## खबर संक्षेप

### बलौदाबाजार पुलिस टीम पहुंची विधायक के घर

**भिलाई।** बलौदा बाजार में हुए हिंसा को लेकर रविवार को विधायक देवेंद्र यादव के निवास सेक्टर-5 में पुलिस की टीम पूछताछ के लिए पहुंची। लेकिन देवेन्द्र यादव निवास में नहीं मिले। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने तीन बार नोटिस जारी कर चुकी है। लेकिन अभी तक एक बार भी देवेंद्र यादव पूछताछ में शामिल नहीं हुए हैं। इधर देवेंद्र यादव ने पूछताछ को लेकर जारी समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट में याचिका दायर करने के बाद देवेंद्र यादव ने कहा था कि कोर्ट के आदेश का वह पालन करेंगे, उन्होंने समन के खिलाफ याचिका दायर की है। देवेंद्र यादव से पूछताछ करने उनके बलौदा बाजार पुलिस की टीम पहुंची थी। इस दौरान एएसपी अभिषेक सिंह, टीआई व टीम पहुंची।

### स्पर्श हॉस्पिटल पर 24 लाख जुर्माना

**भिलाई।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आम जन के लिए एक अत्यंत ही महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें प्रदाय की जा रही है। अपने आर्थिक लाभ की दृष्टि से कई अस्पताल नियमों की अवहेलना कर मरीजों के अधिकार (आयुष्मान कार्ड) का दुरूपयोग करते हुए शासन को गुमराह कर रहे हैं । इसी कारण शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के सुचारू रूप से क्रियान्यवन हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियम विरुद्ध कार्य कर रहे अस्पतालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत वर्ष 2024 में अब तक कुल 48 अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा चुकी है। जिसमें स्पर्श मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भिलाई पर 24 लाख 44 हजार 700 का अर्थदंड लगाया गया है।

## छात्रा से अनाचारः फरार आरोपी को पुलिस ने सीवान से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- भिलाई नगर थाने क्षेत्र की घटना

नाबालिग से अनाचार करने के मामले में फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार करने बिहार पहुची टीम की वाहन पेड से टकरा गई।हादसे में एएसआई घायल हो गया है। जिसके उपचार के बाद पुलिस ने आरोपी को अपने साथ लेकर भिलाई पहुची है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रोहन शर्मा 19 वर्ष के खिलाफ भिलाई नगर पुलिस थाने में अनाचार, पाक्सो के तहत जुर्म दर्ज है। आरोपी रोहन शर्मा नाबालिग के साथ अनाचार करने के बाद ग्राम गौरी थाना दरौली, जिला सिवान, बिहार फरार हो गया था। एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने आरोपी को पकड़ने टीम बिहार रवाना किया। टीम में भिलाई नगर थाने से एएसआई राजेश मणी प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह, आरक्षक आरक्षक अमित वर्मा, अनिल सिंह साथ कार से बिहार पहुंचे। आरोपी रोहन का मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर टीम सिवान पहुची। जहां वहां की पुलिस की मदद से रोहन को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि रोहन शर्मा दुर्ग में बी फार्मा की पढ़ाई करने आया था। जहां तालपुरी भिलाईं क्षेत्र कमरा लेकर रहता था। रोहन के साथ नाबालिग भी पड़ाई करती थी। उसे अपने प्यार के जाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर अनाचार किया। रोहन उसके साथ लगातार अनाचार करता रहा। इस बीच नाबालिग गर्भवती हो गई तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया।

### आरोपी को लाते समय कार अनियंत्रित, एएसआई घायल

मिली जानकारी के मुताबिक अनाचार के आरोपी रोहन शर्मा को बिहार से गिरफ्तार कर दुर्ग लौट रही भिलाई नगर पुलिस की टीम की कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। हादसा बिहार के सिवान जिले में हुआ। जहां कार के हादसे में एयर बैग खुल गया और भिलाई नगर थाने के पदस्थ एएसआई राजेश मणि को चोट आई। जिसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद आरोपी रोहन शर्मा को लेकर दुर्ग पहुंचे। 17 जुलाई को आरोपी का रिमांड में लेकर इनोवा कार से निकले थे। टीम रात करीब सवा 12 बजे बिहार सिवान और आरा के बीच पहुंचे थे। कार के सामने अचानक ट्रक आ गया। पुलिस कर्मियों ने कार को काट लेकिन मौसम खराब होने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार कार चालक को एयर बैग के झटके से चोट आई।




कुर्की वारंट जारी होने के बाद भी नहीं दे रहे टैक्स

## संपत्तिकर वसूली के लिए निगम की टीम पहुंच रही बकायादारों की दुकानों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के निर्देशानुसार सभी जोन मे विगत माह कुर्की वारंट जारी किये गये थे। जिसकी वसूली सभी जोन मे नियमित रूप से की जा रही है।

इसी कड़ी मे जोन क्रमांक 3 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम के साथ मे राजस्व विभाग की टीम द्वारा विगत दिनो नंदिनी रोड पावरहाउस के बकायादारो से 1 लाख 25 हजार 684 रुपये की राशि वसूल की गई । सड़क पर अनाधिकृत तरीके से सामान रखने वाले व्यापारियो का सामान जब्त किया गया। साथ में चालानी कार्रवाई भी की गई। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा सभी व्यापारियो से अपने आबंटित व अधिकृत स्थान पर ही सामान रखकर व्यवसाय करने का निर्देश व्यापारियों को किया गया है। ताकि सामान जब्ती और जुर्माना संबंधी कार्यवाही से सभी व्यापारी बच सके। व्यापारी वर्ग अपने आदत से मजबूर होने के कारण सामान बाहर निकाल कर सड़क जाम कर देते हैं। इससे आवाज गवन में परेशानी होती है ।



उन्होने सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारियो को कड़ाई से लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली एवं अतिक्रमण करके सड़क वालों के व्यापारियों के प्रति कड़ाई करने का निर्देश भी दिये है।

### आईआईटी छात्रावास में खाली कराए कूलर-गमले

**भिलाई।** रविवार के दिन फाइट द बाइट, मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जोन -4 अन्तर्गत खुर्सीपार में स्थित आई टी आई (औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान) के बालक एवं बालिका छात्रावास में ड्राई डे मनाया गया। नगर निगम की टीम पहुंचकर सभी कमरों में , प्रांगण में स्प्रेयर पंप द्वारा पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य संपादित किया। कूलर, गमले, पानी का टब, आदि को खाली किया गया । छत पर बरसाती जमाव पानी में जला आइल का छिड़काव किया गया। प्रत्येक सप्ताह रविवार के दिन ड्राई डे मनाते हुए, सभी संग्रहित किए गए पानी पात्रों को साफ कर, सूखाकर ही नया पानी भरकर उपयोग करने की समझाइश दी गई।


ॐ नमः शिवाय
आप सभी को
श्रावण मास की
हार्दिक शुभकामनाएं !
ॐ नमः शिवाय
सावन पर्व की
हार्दिक
शुभकामनाएं
रितेश शर्मा
।। ॐ नरेंद्र नाथाय नमः ।।
अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य
श्री स्वामी नरेंद्राचार्यजी महाराज
जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ, नानीजधाम, जिल्हा रत्नागिरी (महाराष्ट्र)
प.पू. कानिफनाथ महाराज
(उत्तराधिकारी)
गुरू पूर्णिमा की
हार्दिक शुभकामनांए
समस्या मार्गदर्शन समारोह
जगद्गुरू रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्रचार्य जी महाराज
दक्षिण पीठ, नाणीजधाम, जि.रत्नगिरी (महाराष्ट्र) का
14 अगस्त 2024 को रायपुर आगमन
स्व. स्वरूप संप्रदाय, भक्त सेवा मंडल छत्तीसगढ़
सावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
हिमांशु निर्मलकर
सावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
HIMANSHU
SHIVA
HIMANSHU BEVERAGE
PACKAGED DRINKING WATER
विजय अग्रवाल
अध्यक्ष-पेकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एसोसियेशन दुर्ग-भिलाई
जिला महामंत्री-अ.भा.अग्रवाल महासभा दुर्ग (छ.ग.)
कार्यकारिणी अध्यक्ष-अग्रसेन सेवा समिति औद्योगिक क्षेत्र
प्रदेश सचिव-लघु उद्योग भारती
82-A, Industrial Estate Bhilai, Dist.-Durg (C.G.)
0788 4017901, Mob.: 95222 01616, 93018 34059
E-mail : shivatech2000@rediffmail.com
श्री नामदेव
बोरवेल्स & पम्प
हर हर महादेव
घर, खेत व प्लॉट में 5", 6", 7" एवं 8"
बोर खनन हेतु संपर्क करें
प्रो. राजू नामदेव
8770437381
9300663790
9300530360 (मोनू)
न्यू आदर्श नगर, जुगनू डेरा के पास, दुर्ग (छ.ग.)
हर हर महादेव
Maan Motors
Quality Service - Smooth Ride
सावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
SALES AND SERVICE
ANAAL HONDA की सेवा अब MAAN MOTORS में
HONDA के ट्रेंड Technician द्वारा अपने होंडा 2 व्हीलर में
किसी भी प्रकार की समस्या व सुझाव के तुरंत निवारण हेतु संपर्क करें
आप अपने 2 व्हीलर की सर्विस करवाएं और
आकर्षक डिस्काउंट पाएं
HONDA Hero TVS ROYAL ENFIELD YAMAHA KTM
Behind Annal Honda, Plot No. 9/10,
Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai,
Email : sales@maanmotors.com
Mob.: 95890 90023, 93401 84717
सावन पर्व
की
हार्दिक
शुभकामनाएं...
जीवन निर्मलकर
संयुक्त सचिव-जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग
सरपंच प्रतिनिधि-ग्राम पंचायत टेकापार (बोरी)
अध्यक्ष-दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज
माही पान
पवित्र श्रावण मास के
प्रथम सोमवार
की हार्दिक शुभकामनाएं
ॐ नमः शिवाय
संतोष कुमार टंडन
राजकुमार टंडन
माही पान पैलेस
अटल चौक, अंडा

## खबर संक्षेप



### अनुसंधान व विकास में करेंगे सहयोग

**भिलाई।** सेल ने आईआईटी कानपुर के साथ अनुसंधान एवं विकास और परामर्श अध्ययन में सहयोग को बढ़ावा देने, शैक्षणिक सामग्री और प्रकाशनों का आदान–प्रदान करने, संयुक्त अनुसंधान करने, संयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने आदि के लिए 19 जुलाई 2024 को एमओयू साइन किया। इस समझौता ज्ञापन पर इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा, आईआईटी कानपुर के निदेशक मनिंद्र अग्रवाल, सेल के अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया।सेल और आईआईटी, कानपुर की ओर से आरडीसीआईएस, सेल के कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर और आईआईटी कानपुर के उप निदेशक और डीन (आरएंडडी) प्रोफेसर तरुण गुप्ता ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

### प्रवर्तन विभाग ने हटाए पैंतालीस कब्जे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा टाउनशिप में कब्जाधारियों से आवासों को खाली कराने, अवैध बैनर पोस्टर हटाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। 45 कब्जा वाले मकानों को खाली कराया गया। प्रवर्तन विभाग की टीम द्वारा टाउनशिप में 45 अवैध कब्जेधारियों को बेदखल किया गया। इसमें 14 डिक्री आवास शामिल हैं। टीम द्वारा अवैध पोस्टर व बैनर भी हटाए गए । विद्युत-जल आपूर्ति को बंद कर, दरवाजे खिड़कियों को निकाल दिया गया।

### निधन

### अमित चौधरी



**भिलाई।** शिव कृपा टावर, स्मृति नगर निवासी अमित चौधरी उम्र 69 वर्ष का निधन रविवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 22 जुलाई को किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

# बायोमेट्रिक: सामान्य पाली के दौरान कार्मिकों के लिए फॉरेस्ट एवेन्यू एकांगी मार्ग घोषित

## जिला व पुलिस प्रशासन से प्रबंधन को मिल रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने 1 जुलाई से अपने सभी कार्मिकों की उपस्थिति फेस रिकॉग्निशन बायोमेट्रिक सिस्टम से दर्ज करना शुरू किया है। इस फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम में समय पर अटेंडेंस लगा सके, इसके लिए संयंत्र प्रबंधन ने आवागमन को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं को रोकने की दृष्टि से फॉरेस्ट एवेन्यू के यातायात को एकांगी बनाने का निर्णय लिया है। सोमवार से यह व्यवस्था प्रभावशील रहेगी।

सामान्य पाली के दौरान समय पर कार्यस्थल पर पहुंचने और अटेंडेंस लगाने की हड़बड़ी रहती है और इस आपाधापी में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। संयंत्र प्रबंधन ने सभी की सुविधा और समय पर सुरक्षित रूप से अटेंडेंस लगा सके इसके लिए पुलिस प्रशासन से चर्चा कर आवागमन को सुगम बनाने के लिए जेपी सीमेंट चौक से बोरिया गेट होते हुए इस्पात भवन तक के मार्ग को एकांगी घोषित किया है। प्रातः 8:30 से 9.15 बजे तक यह मार्ग एकांगी मार्ग रहेगा। 9.15 बजे के बाद यह मार्ग दोनों ओर से यातायात के लिए खुला रहेगा। फेस रिकग्निशन बायोमेट्रिक सिस्टम की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है। यह देखा गया कि सही समय पर कार्य की जगह पर पहुंचने के लिए लोग हड़बड़ी भी कर रहे है जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए बी एस पी प्रबंधन कार्मिकों की सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध कर रहा है। इस सिस्टम के तहत महीने के सभी दिनों में 5 मिनट विलंब और 9 दिन 15 मिनट विलंब से अटेंडेंस लगा सकने को



मान्यता दी गयी है। आवश्यक कार्य, इमरजेंसी इत्यादि के कारण इससे अधिक के विलंब को कार्मिक के रिपोर्टिंग अधिकारी उपस्थिति प्रमाणित कर सकते हैं। संयंत्र प्रवेश एवं निकास के लिए अधिक संख्या में सीआईएसएफ के कर्मी ड्यूटी पर लगाए गए हैं ताकि चेकिंग में लगने वाले समय को भी कम किया जा सके। इसके साथ ही प्रवेश के लिए अधिक गैलरियां खोली गई है ताकि कम समय में अधिक लोग प्रवेश या निकास कर सकें। इस व्यवस्था से कार्यक्षेत्र में कार्मिकों एवं ठेका श्रमिकों की उपस्थिति निर्धारित समय पर संभव हो सकेगी। साथ ही ठेका श्रमिकों को पूर्ण वेतन भुगतान प्रबंधन में मदद मिलेगी।

यूनियनों और कार्मिकों के सड़क सुरक्षा के संबंध में सुझाव पर प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन से चर्चा कर आवागमन को सुगम बनाने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सबसे अधिक यातायात वाले सामान्य पाली के समय मे बोरियागेट से प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए सुबह 8.30 से 9.15 बजे तक जेपी सीमेंट से इस्पात भवन की ओर जाने वाले फारेस्ट एवेन्यू मार्ग को एकांगी घोषित किया है। 9.15 के बाद मार्ग दोनों ओर के यातायात के लिए तथा संयंत्र जाने वाली ट्रकों के आवागमन के लिए खुले रहेंगे। बोरिया गेट तथा मैत्री स्तंभ इस्पात भवन के पास वरिष्ठ अधिकारी, आईआर विभाग और सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों की तैनाती होगी ताकि वे संयंत्र आने वाले कार्मिकों को समुचित सुविधा उपलब्ध करा सकें। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से भी यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए आवश्यक सहयोग मांगा गया है।

## शिक्षा व चिकित्सा में आगे, महिला सशक्तिकरण बाद भी पुरुषों का वर्चस्व

# सेल के सिरमौर में नहीं बढ़ीं महिला इंजीनियर

विमल शंकर झा ▶▶|भिलाई

भिलाई देश की आजादी के 7 दशकों बाद सुपर कम्प्यूटर युग की तरक्की के इस दौर में कई क्षेत्रों में प्रतिभावान और कर्मठ महिलाएं भले ही पुरुषों से कदमताल मिला रही हैं। लेकिन उच्च तकनीकी क्षेत्र में स्त्रियां अभी भी पुरुषों से बहुत पीछे हैं। सेल के सिरमौर बीएसपी में तुलनात्मक रुप से दोनों का यह संतुलन आशाजनक तो है तो लेकिन इसे संतोषजनक और उत्साहवर्धक बनाने की दिशा में सेल चौतरफा प्रयास के बाद भी अपेक्षित कामयाबी का इंतजार है। भिलाई इस्पात संयंत्र के 1959 में उत्पादन शुरु होने के बाद से अब तक महिला कर्मियों व अधिकारियों का उत्पादन से लेकर चिकित्सा तक हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन इस दौरान प्लांट के आपरेशन में यानी उच्च तकनीकी क्षेत्र में महिला टेक्नोक्रेड की संख्या अत्यंत कम है। इस क्षेत्र में देश के अन्य पीएसयू या दूसरे उद्योगों और बहुतेरे क्षेत्रों की तरह यहां भी पुरुषों का ही वर्चस्व है। यह स्थिति पिछले 6 दशकों से बनी हुई है। बीएसपी में वर्तमान में कुल 12 हजार कर्मचारियों में मात्र 9 सौ महिला कार्मिक कार्यरत हैं। ग्यारह हजार से अधिक पुरुष वर्कर्स हैं। जबकि 3 हजार अधिकारियों में महज 3 सौ महिला अधिकारी हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की वर्कर्स व एक्जीक्यूटिव में भागीदारी मात्र क्रमशह 9 व 10 फीसदी है। सेल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक उच्च तकनीकी क्षेत्र में तो महिला अधिकारी यानी टेक्नोक्रेट पुरुषों की तुलना में बहुत कम हैं। आशाजनक तथ्य यह है कि प्रबंधन के साथ यहां महिलाओं का योगदान चिकित्सा, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में बीएसपी ही नहीं बल्कि सेल और अधिकतर पीएसयू में सर्वाधिक है। बीएसपी के जेएलएन हास्पिटल सेक्टर 9 को सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े अस्पताल बनाने में यहां की सैकड़ों प्रतिभावानी महिला चिकित्सकों और नर्सिंग पेरामेडिकल स्टाफ व भिलाई को एजुकेशन हब की नींव रखने में सौ बीएसपी स्कूलों की महिला शिक्षिकाओं व प्राचार्यों का अहम अवदान रहा।



### कई प्रतिभाशाली टेक्नोक्रेट दे रहीं योगदान

सेल चेयरमेन तो जरुर एक महिला अधिकारी रहीं लेकिन बीएसपी के 6 दशकों के इतिहास में अब तक कोई महिला एमडी या सीईओ या ईडी नहीं बनीं। लेकिन प्रबंधन व प्रशासन के कई अहम पदों पर अनेक महिलाओं का योगदान है। इनमें कई आईआईटियन पासआउट यानी टेक्नोक्रेट भी शामिल हैं। प्रमुख अधिकारियों में एसएमएस 3 में पदस्थ सुरक्षा अधिकारी जीएम प्रभारी पुष्पा हेंब्रोस, ईएमडी मे जीएम बोन्या मुखर्जी, कांट्रेक्ट सेल में जीएम श्रीमती गुप्ता, इस्पात भवन पीपीई में जीएम श्रीमती कुमार, ओएंडएम विभाग में जीएम शशि चांदू आदि टेक्नोक्रेट हैं। इसी तरह सीजीएम एएचआर निशा सोनी व सीजीएम शिखा दुबे आदि वरिष्ठ अधिकारी प्रशासन प्रबंधकीय कौशल में दक्ष हैं। हाल ही छुट्टी पर जाने वालीं जीएम पर्सनल शीजा मैथ्यू तो लंबे समय तक वर्क्स यानी प्लांट की हेड रहीं। कई महिलाएं एचओटी व अनुभाग में प्रबंधन का जिम्मा संभाले हुए हैं। बीएसपी ओए में करीबन 3 सौ महिलाएं सदस्य हैं जिनमें अनेक इंजीनियर हैं।

### जेएलएन हास्पिटल व एजुकेशन हब में भागीदारी

भिलाई में अधिकतर महिला कर्मचारी व अधिकारी नान वर्क्स यानी चिकित्सा व शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। सेक्टर 9 हास्पिटल, हेल्थ सेंटरों में चिकित्सक व स्कूलों में शिक्षिक हैं। इस्पात भवन नगर सेवाएं विभाग आदि के दफ्तरों में आफिशियल वर्क्स से जुड़ी हुई हैं। बीएसपी के शुरुआत 20 साल में तो महिलाओं की संख्या कम रही, जब 80 के दशक में मेनपावर सर्वाधिक 50 हजार था, भी पुरुष वर्कर्स या टेक्नोक्रेट प्रतिशत वर्तमान से करीब 1 प्रतिशत अधिक रहा। 90 के दौर में शिक्षा प्रसार और महिला शक्तिकरण के दौर में सरकार व समाज का प्रोत्साहन मिलने से इंजीनियर के रुप में भर्ती हुई कई महिलाएं प्रमोशन बाद वर्तमान में प्रशासन व प्रबंधन के क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी हैं। सेल की महिला प्रोत्साहन योजना से पिछले कुछ साल से एसईटी व ओसीटी की भर्ती से महिला इंजीनियरों की स्थिति में थोड़ा सुधार हो रहा है।

### एजूकेशन व मेडिकल में मिसाल



"बीएसपी के विकास में महिला अधिकारी अपने टैलेंट से हम पुरुष एक्जीक्यूटिव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दे रही हैं। मेडिकल एजुकेशन में तो उनकी अग्रणी भूमिका रही । कई एचओडी भी हैं। लेकिन देश में पुरुष और महिला अनुपात की तरह ही बीएसपी में भी महिलाएं कम हैं। सेल में प्रोत्साहन से अब महिला इंजीनियर आ रही हैं।

**एनके बंछोर**, चेयरमेन सेफी व ओए

### महिला कार्मिक कम पर हैं प्रतिभावान



"पुरुषों के वर्चस्व वाले हर क्षेत्र में अब महिलाओं का योगदान बढ़ रहा है। विकास के साथ बदलाव तेज होगा । बीएसपी में महिला वर्कर्स की संख्या जरुर कम है लेकिन कई पालीटेक्निक व डिप्लोमा होल्डर हैं। शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में तो वे पुरुषों से आगे हैं। भिलाई महिला समाज तो समाजसेवा में अग्रणी है।

**वीबी सिंह**, महासचिव, इंटक

# किसान की जमीन पर प्रिकास्ट लगाकर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

किसान के जमीन पर प्रिकास्ट को हटाकर कब्जा मुक्त कराने का मामला सामने आया है। जिसकी लिखित शिकायत जेवरा सिरसा पुलिस से की गई है।

शिकायतकर्ता वार्ड 15 ग्राम करहीडी दुर्ग निवासी किसान ईश्वर निषाद ने आरोप लगाया है कि दीपक नगर दुर्ग निवासी राजेश सिंह ने ग्राम करहीडीह पटवारी हल्का नंबर 49/15 रानिम सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 144/6 रकबा 0.3700 पर कब्जा किया है। राजेश सिंह प्रापर्टी डिलिंग का काम करता है। जिसका टोल प्लाजा के आगे देवभूमि नामक जगह और स्टेशन पर उसका होटल भी है। ईश्वर निषाद के कृषि भूमि को कम कीमत पर बेचने के लिए राजेश सिंह दबाव बना रहा है। बल पूर्वक कृषि भूमि पर कब्जा भी कर लिया है। पीड़ित को जमीन का उचित मूल्य नहीं मिलने पर राजेश सिंह के साथ सौदा करने से इंकार कर दिया है। ईश्वर निषाद ने आरोप लगाया है कि उक्त कृषि भूमि पर ही जीवन आधारित है। पीड़ित हर वर्ष इसी जमीन पर फसल उगाता है। उक्त कृषि भूमि में अनाधिकृत रुप में प्रिकास्ट से घेरा गया है। जिसके कारण किसान फसल उगा नहीं पा रहा है। इसके कारण किसान को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ईश्वर निषाद का आरोप है कि राजेश सिंह द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस से गुहार लगाई गई है कि राजेश के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करे। जमीन पर कब्जा मुक्त कराने के लिए किसान ने निगम आयुक्त दुर्ग, आईजी, एसपी और जेवरा सिरसा पुलिस थाने में शिकायत की गई है। गौरतलब हो कि नगर निगम अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही करते आ रही है।

- निगम आयुक्त से शिकायत, आईजी, एसपी और जेवरा पुलिस से गुहार
- जेवरा सिरसा पुलिस कर रही है जांच, पीडित को मिली जान से मारने की धमकी

### जांच के बाद कार्रवाई

जमीन की कब्जा को लेकर लिखित में शिकायत आई है। पुलिस उसे लेकर जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

**राजेश साहू**, प्रभारी जेवरा सिरसा

# पाटन नगर पंचायत की नालियां हो गई हैं जर्जर, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

हरिभूमि लगातार

पाटन नगर पंचायत नालियां तो बनाई गई है। जहां देखो वहां नालिया ही नालियां दिखाई देगी लेकिन पुराना बास स्टैंड के पास नालियां बनाई गई है, लेकिन उस नालियों को अधूरा बनाकर छोड़ दिए गए हैं। ऐसा लगता है कि नाली है या मौत का कुआं। ये है पाटन नगर पंचायत का हाल। पुराना बस स्टैंड के लोगों ने बताया कि इस नाली में बदबू से लोग परेशान रहते हैं, फिर भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। पाटन नगर पंचायत में गंदगी के मामले बन्द होने के नाम ही नही ले रहा है। पाटन नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ वाजपेयी स्वच्छता के नाम से पाटन वासियों से खेल खेला जा रहा है। यहाँ पाटन के ऐसे ऐसे इलाको में गंदगी फैली हुई है कि मानो की पाटन नगर पंचायत के अधिकारी सौरभ वाजपेयी की नजर पड़ती ही नही है या उसे देख कर नजर अंदाज किये जा रहे हैं। तभी तो हरिभूमि के लगातार पुख्ता के साथ प्रकाशित होने के बाद भी जिला प्रशासन और ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। मानों कि पाटन नगर पंचायत के सीएमओ ऑफिस से बाहर ही नही निकलते हैं। पाटन नगर पंचायत में ऐसे ही हाल रहेगा तो यकीन मानो एक दिन दुर्ग जिला के पाटन नगर पंचायत का नाम रोशन करेगा क्योंकि इसी को देखने के लिए दिल्ली की टीम आती है और 5 स्टार बना के चले जाते हैं। अवार्ड लेने के लिए दिल्ली बुला लिया जाता है और जिसमें पाटन नगर के सीएमओ की प्रशंसा होती है अब देखा जाना है कि जिलाधीश या ब्लॉक के अधिकारी के द्वारा इस गंभीर मामले को खुला छूट मिलती है या और आगे ये स्वच्छता के ड्रामा आगे चलता जायेगा या इस समस्या का समाधान किया जयेगा या फिर ऐसे ही छोड़ दिया जयेगा।



# बीएसपी में मजदूरों को नहीं मिलता राष्ट्रीय अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले ठेका मजदूरों को ठेकेदारों द्वारा निर्धारित छुट्टियां नहीं दिए जाने से उनमें असंतोष बढ़ रहा है। छुट्टी के अलावा श्रमिकों को सेल प्रबंधन द्वारा बढ़ाई गई एडब्ल्यू की राशि भी अब तक भुगतान नहीं की गई है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक प्रबंधन से मजदूरों की सभी लंबित समस्याओं को जल्द दूर किए जाने की मांग की है।

यूनियन कार्यकारिणी की सेक्टर 4 कार्यालय में हुई बैठक में श्रमिकों ने समस्याओं से अवगत कराया। अध्यक्ष संजय साहू को बताया की कोकोवन ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस एवं मिल्स, एवं अन्य विभागों में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को बीएसपी द्वारा निर्धारित छुट्टी ई एल एवं राष्ट्रीय अवकाश नहीं दिया जाता और छुट्टी लेने पर अनुपस्थित दर्ज कर दिया जाता है जबकि 20 दिन कार्य करने पर एक दिन ई एल मिलने की पात्रता है एवं ठेका समाप्त होने के पश्चात भी छुट्टी का अंतिम भुगतान नहीं किया जाता। इसके अलावा सेल में पूर्व में निर्धारित ए डब्ल्यू ए 2300 रुपए एवं 8 फरवरी को निर्धारित 14 00 रुपए की राशि, अभी भी बीएसपी के कई विभागों में ठेका कंपनियों द्वारा नहीं दी जा रही है एवं कुछ जगह पर निर्धारित राशि से बहुत कम ए डब्ल्यू ए दिया जा रहा है श्रमिकों द्वारा ऑपरेटिंग अथॉरिटी एवं विभाग प्रमुख से शिकायत करने पर भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। ठेका कंपनी द्वारा काम से निकलने के धमकी दी जा रही है।

### श्रमिकों को मिले वेतन पर्ची

बैठक में ठेका श्रमिकों ने मांग की कि वेतन के साथ सेल द्वारा निर्धारित वेतन एवं विवरण सहित वेतन पर्ची दिया जाए जिससे कि उनको दी जाने वाली सुविधा का पता चल सके इससे उनके कांटे जाने वाले सीपीएफ एवं ईएसआईसी का पता चल सके। दुर्घटना बीमा और ईएसआईसी का भी सर्टिफिकेट दिया जाए। यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि सभी विषयों पर ऊच्च प्रबंधन से चर्चा कर सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्धारित वेतन एवं सुविधा सभी ठेका श्रमिकों को मिले। मांगों को पूरा कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा । बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, मनोहर लाल आर दिनेश गुरुदेव साहू जसवीर सिंह रिखीराम साहू, जयराम ध्रुव डीपी खरे संतोष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

- स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने मांगा लंबित एडब्ल्यूए



# गुरु पूर्णिमा पर्व पर गायत्री मंदिर में हुआ महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सुबह से ही पूजा का कार्यक्रम शुरू हो गया। इसके बाद सामूहिक जप किया गया और फिर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सभी परिजनों ने आहुतियां समर्पित की। पौराणिक काल के महान व्यक्तित्व, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, श्रीमद्भागवत और अट्ठारह पुराण जैसे अद्भुत साहित्यों की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था और उनका जन्मोत्सव गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा पर्व पर हर चीज से अपने गुरु का पूजन करता है एवं उनके बताए हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लेता है। एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ में यशवंत देशमुख, कुमारी दुलारी देवांगन, संतोष देवांगन, भारती कमलेश देशमुख आदि उपस्थित थे।

### गुरूपूर्णिमा मनाया गया



**अंडा।** ग्राम भिलाई (चीचा) में आषाढ़ महीना के पूर्णिमा पर ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। पंडित सूर्यकांत उपाध्याय द्वारा भजन कीर्तन कर सुन्दर कथा भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित गुरु कौन है, गुरु की संस्कार शिष्यों पर कहने का मतलब है गुरु और शिष्यों पर नाता पर संदर्भित कथा वाचन किया और अपने शिष्यो को आमंत्रित कर शुभ आशीर्वाद दिया गया।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

### एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण



**अंडा।** हायर सेकेंडरी स्कूल अंडा में एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण का कार्य प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें नीबू, नीम, आम, गुलमोहर, अशोक आदि पौधे लगाए गए। ईको क्लब प्रभारी पुष्पा, रेणुका चंद्राकर एवं इकोक्लब के बच्चों का विशेष मार्गदर्शन रहा। स्टाफ के सभी शिक्षक और शाला के सभी बच्चों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान किए।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# एक ही राजस्व की धारा पर एसडीएम और तहसीलदार करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा पहली बार भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत रिकॉर्ड में सुधार का कार्य एसडीएम के साथ-साथ तहसीलदार को भी दे दिया गया है। जारी आदेश की माने तो तहसीलदार द्वारा मामूली त्रुटि सुधार का कार्य ही कर पाएंगे, जबकि खसरा नंबर और बटाँकन में सुधार सहित अन्य कार्य एसडीएम ही करेंगे। खैर आम जनता के लिहाज से शासन का या फैसला राहत भरी हो सकती है, लेकिन राजस्व कर्मचारियों के बीच अंदर खाने विरोध भी सामने आ रहे हैं।

यहां यह भी जानना जरूरी है कि कुछ दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ भू अभिलेख राजस्व संघ द्वारा राज्य शासन को पत्र लिखकर लिपि की सुधार का अधिकार अधीक्षक व सहायक अधीक्षक को दिए जाने की मांग की थी। इसे लेकर उन्होंने हवाला दिया था की लिपि की सुधार के लिए एसडीएम द्वारा तहसीलदार और नया तहसीलदार से प्रतिवेदन मांगा जाता है जिसके बाद सुधार किया जाता है। इस प्रक्रिया में अनावश्यक देरी होती है। राज्य शासन द्वारा इस फैसले को लेकर भले ही अधिसूचना जारी कर दी गई है, लेकिन आम लोगों के बीच इसका प्रचार नहीं होने के कारण आगामी दिनों फरियादियों को भटकना पड़ सकता है। क्योंकि एक ही धारा से संबंधित कार्य के लिए फरियादियों को तहसीलदार और एसडीएम का चक्कर लगाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि, भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत पूर्व में संपूर्ण कार्य तहसीलदार की आईडी से सुधार किए जाते थे। लेकिन राज्य शासन द्वारा हाल ही में जारी अधिसूचना की माने तो अब इस धारा में त्रुटि सुधार का कार्य तहसीलदार और खसरों में त्रुटि जैसे खसरा नंबर और बटाँकन से संबंधित कार्य एसडीएम के आईडी से ही होंगे।

## पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का सुधार करेंगे तहसीलदार, दोनों न्यायालय में लगेंगी अर्जी

### इन त्रुटियों का सुधार करेंगे तहसीलदार

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदार को भूमि स्वामी, उसके पिता, पति के नाम, उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करने अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार राजस्व रिकार्ड में कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना, त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना, भूमि के सिंचित, असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना, भूमि के एक फसली तथा बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करने के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया गया है।

### खास बातें

- राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना, राजस्व कार्यों में आएगी तेजी
- छत्तीसगढ़ राजस्व भू अभिलेख अधिकारी संघ ने भी मांगा था अधिकार




### सह खातेदार का आदेश में उल्लेख नहीं

छत्तीसगढ़ किसान मितान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवम कोषाध्क्ष कमलेश सिंह राजपूत और अमरीश परगनिहा ने बताया कि, जो अधिकार पूर्व में तहसीलदारों के पास था उसमे शासन द्वारा संशोधन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को धारा 115 का अधिकार दे दिया गया था। जिसका चौतरफा विरोध होने से एक बार फिर किसानों को विश्वास में लिए बैगर तहसीलदारों को अधिकार दिया गया है। इस संशोधन में किसी सह खातेदार का नाम छूट जाए तो जोड़ने के संबंध में कहीं कोई प्रावधान नहीं किया गया है। खसरा नंबर, रकबा, नक्शा, बटाँकन आदि में त्रुटि के लिए आवेदन अनुविभागीय अधिकारी को पूर्व की भांति दिया जाना होगा। राज्य सरकार को ऐसे निर्णय लेने के पहले किसानों के विषय में अवश्य विचार करना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### भारी बरसात ने किया जनता को परेशान- वोरा

**दुर्ग।** निगम एरिया के 60 वार्डो में रुक रुक कर भारी बरसात ने जनता को पानी भराव से परेशान कर दिया अवकाश का दिन होने के कारण अधिकारी नजर नही आ रहे शिवनाथ में जलस्तर बढ़ रहा है लोगों का आवागमन पुराने पुल पर बना हुआ है जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है प्रशासन ने पूर्व में कोई भी तैयारी नहीं की वार्डों में भी घरों में पानी घुस रहा है जनता आक्रोशित है बड़े नाले नाली की सफाई पूरी नही हो पाई पूर्व विधायक अरुण वोरा को शहर के मध्य बस्ती के लोग ने अपनी पीड़ा दिखाई वोरा ने नदी तट व वार्डो का दौरा किया कलेक्टर से दूरभाष में सम्पर्क करना चाहा किन्तु सम्पर्क नहीं हो सका निगम आयुक्त से शहर की मॉनिटरिंग कर जल भराव एरिया के लोगों की मदद करने कहा साथ ही पुलिस प्रशासन से बरसात के कारण लगे पुलगांव रोड जाम व नदी के पास गश्त बढ़ाने की आवश्यकता बताया जलभराव क्षेत्र के दौरे में साथ थे कॉंग्रेस अजय मिश्रा राजकुमार साहू व राजकुमार पाली मौजूद थे।

### राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण टीम का निरीक्षण



**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी धमधा में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण का निरीक्षण करने पहुंचे मण्डल पदाधिकारी श्रवण देशमुख, अरविंद पटेल, श्यामू पारकर, विधायक प्रतिनिधि रमेश देशमुख एवं प्रचार्य अरविंद भारद्वाज भी उपस्थित थे।

### प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना यथा संशोधित वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रूपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। इसके लिए 6 अगस्त तक आवेदन मंगाए गए हैं।

## क्रेडा ने चुनाव से पहले पीटा जमकर प्रचार का पिटारा, अब कह रहे ऊपर वाले जाने

# सूर्यघर योजना में वेंडरों का कब्जा केन्द्र की योजना से अफसर अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

## प्रदेशभर में निजी कंपनी हो गई सक्रिय, सब्सिडी का हवाला देकर लगा रहे पैनल

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में क्रेडा विभाग द्वारा महतारी वंदन की तरह केन्द्र की सूर्यघर योजना का जमकर पिटारा पिटा था। केन्द्र और राज्य के जरिए दिए जाने वाली सब्सिडी को लेकर यहां तक प्रचार किया गया था, कि योजना में लगभग लागत की पूरी राशि सब्सिडी में कव्हर हो जाएगी। यही नहीं घरों में लगाए जाने वाले सौर उर्जा के लिए पांपलेट के जरिए लोन दिए जाने का हितग्राहियों को दिलासा दिया गया था। लेकिन वर्तमान में अब तक न केन्द्र और न ही राज्य सरकार ने चूं का चां किया है। हालात यह है कि, चुनाव के पहले आए करीब नौ हजार से अधिक आवेदन डंप पडे हुए हैं।

देखा जाए तो पीएम सूर्यघर योजना विभाग तक पहुंच ही नही पाया हैं और केन्द्र बिन्दु बाहरी बेंडर बन गए है। अफसर आवेदको को सीधे कंपनी से संपर्क करने कह रहे है। ऐसे में बाहरी कंपनियों का प्रदेश में कब्जा हो गया है। ऐसी जानकारी मिली हैं कि, कंपनियों ने आवेदको को सब्सिडी देने भ्रम में रखकर काम भी शुरू कर दिया है। केन्द्र सरकार की इस योजना को लेकर मुफ्त बिजली का उपहार बोलकर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना लांच की गई थी। चुनाव के पहले लोगों में इस मुक्त की सौर योजना को लेकर जमकर उत्साह दिखा। जिसके चलते बिजली कंपनी और केडा विभाग ने दोनो हाथों से फार्म भराना शुरू कर दिया हे। बिजली कंपनी और क्रेडा के आलावा सीएससी सेंटरों से प्रदेशभर में हजारों सर्वेयरों को मानदेय देकर फार्म भराए गए थे। हालात यह रहा है कि, प्रदेशभर में सिर्फ आनलाइन प्रक्रिया से दस हजार फार्म क्रेडा विभाग के पास आ गए है। इसके आलावा बिजली कंपनी और सीएससी सेंटरों में भी फार्म भरे गए थे। लेकिन अब हितग्राही क्रेडा और बिजली कंपनी के अफसरों के दफ्तरो में चक्कर लगाते थक गए है। उन्हें जानकारी देने के बजाय अफसर कह रहे है कि, इस योजना को लेकर कोई गाइड लाइन नही आया है। इसलिए अब उपर वाले ही कुछ बता पाएंगे। दुर्ग के दीपक नगर निवासी अजय जाधव बताते हैं, उन्होने पैनल लगाया है। जिसे केन्द्र से सब्सिडी मिलने की बात कही गई है। इसी तरह हितग्राही बलराम कौशिक बताते हैं बिजली कंपनी और क्रेडा का चक्कर लगाकर थक गए है, लेकिन उन्हे संतोषजनक जवाब नही दिया जा रहा है। इधर दुर्ग शहर के कार्यपालन अभियंता आरके दानी का कहना हैं कि, सब्सिडी के संबंध में उन्हें जानकारी नही है। वेंडर ही बता पाएंगे।



### पांपलेट में ऐसा प्रचार, हितग्राही कह रहे धोखा

पीएम सूर्यघर योजना को लेकर किए गए प्रचार पांपलेट में बताया गया था कि, 0-150 यूनिट के लिए खपत 1-2 किलोवाट पर तीस हजार अनुदान, 150-300 यूनिट प्रतिमाह के लिए दो से तीन किलोवाट में सब्सिडी 60-78 हजार और तीन सौ खपत के लिए तीन किलोवाट में 78 हजार सिर्फ केन्द्र की सब्सिडी होगी। वही राज्य 33 हजार, 66 हजार और तीन किलोवाट के लिए एक लाख आठ हजार सब्सिडी देने का प्रचार किया था। इस तरह दोनो की सब्सिडी मिलाकर देखे तो एक किलोवाट में 63 हजार, दो में 1 लाख 26 हजार और तीन में 1 लाख 86 हजार सब्सिडी दी जाएगी। जबकि तीन किलोवाट को अगर बाजार से भी लगाए तो लगात एक लाख 82 हजार तक आती है। ऐसी में इस योजना को मुक्त का नाम देकर जमकर फार्म भराए गए थे। लेकिन वर्तमान किए गए प्रचार के अनुसार कोई गाइडलाइन नही आया है। जिससे हितग्राही ठगा महसूस कर रहे है।

### बिजली कंपनी और क्रेडा के बीच ठनी

इस योजना को लेकर बिजली कंपनी के दुर्ग संभाग के मुख्य अभियंता एम जामुलकर का कहना हैं, कि अभी कोई गाइडलाइन नही आई है। राज्य से योजना का संचालन हो रहा है। वही दुर्ग जिले के क्रेडा अधिकारी संकेत द्विवेदी ने भी बताया कि, केन्द्र और राज्य शासन द्वारा कोई निर्देश नही दिए गए है। हालात यह है कि, अफसर हितग्राहियों को मूंह दिखाने लायक नही रह गए है। कई जगह मौका फायदा उठाकर प्रदेश में सरकार एंजेसियां जूट गई है। जहां प्रत्येक घर में सोलर उर्जा लगाकर सब्सिडी का हवाला दे रहे है। जबकि यह कंपनी अधिकृत ही नही है।

### सब्सिडी की स्थिति भी स्पष्ट नहीं

पीएम सूर्यघर पोर्टल में सिर्फ दस वेंडरों का नाम दिख रहा है। जिनसे अफसर संपर्क कर कार्य कराने की बात आवेदको से कर रहे है। हरिभूमि ने पोर्टल की पडताल में पाया कि, इसमें सिर्फ कंपनी का नाम है, जबकि मोबाइल नंबर बगैर कुछ नही है। क्रेडा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, केन्द्र से 78 हजार की सब्सिडी मिलनी है। लेकिन इसका भी कोई गाइड लाइन नही आया है। वही राज्य सरकार ने भी सब्सिडी को लेकर निर्देश जारी नही किए है। जिसके चलते आवेदक हालाकान हो गए है।

### प्रदेशभर में इस तरह आए फार्म

बिलासपुर 1, नारायणपुर 3, सुकमा 9, सारंगढ 31, सक्ती 33, सुरजपुर 35, कोरिया 38, मनेन्द्रगढ चिरमिरी भरतपुर 42, बलौदाबाजार भाटापारा 77, सुरजपुर 106, मोहला मानपुर अंबागढ चौकी 110, गौरेली पेड्रा मरवाही 119, खैरागढ छुईखदान गंडई 124, कोडागांव 157, गरियाबंध 164, रायगढ 166, बेमेतरा 204, बस्तर 223, राजनांदगांव 229, जांजगीर चांपा 251, बिलासपुर 303, मुंगेली 308, रायपुर 324, कबीरधाम 344, जशपुर 349, कोरबा 450, दुर्ग 469, कांकेर 541, महासमुंद 907, बलरामपुर रामानुजगंज 1150 और बालोद 1268 में फार्म आए थे। ये विधानसभा चुनाव के पहले के आंकडे है।

### निर्देश नहीं

सूर्यघर योजना की जानकारी अभी नही आई है। संभवत: क्रेडा विभाग इसका संचालन कर रही है। वही से पता चलेगा।
**-एम जामुलकर,** मुख्य अभियंता, दुर्ग संभाग

### गाइडलाइन नहीं

सूर्यघर योजना को लेकर हितग्राहियों को आवेदन तो आए है। लेकिन केन्द्र और राज्य से कोई गाइड लाइन नही आई हैं।
**-संकेत द्विवेदी,** क्रेडा अधिकारी, दुर्ग

## रबी फसलों को हुई क्षति की राहत राशि नहीं मिलने से धमधा ब्लॉक के पीड़ित किसानों में रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- राहत राशि दिलाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

फरवरी में ओलावृष्टि से धमधा ब्लाक के अनेक गांवों में चना, गेहूं आदि रबी फसलों को व्यापक क्षति हुई थी किसानों ने प्राकृतिक आपदा से फसलों को हुई क्षति के लिए आरबीसी के प्रावधान के अंतर्गत राहत राशि प्रदान करने की मांग की थी जिस पर शासन प्रशासन ने सर्वे करके प्रभावित किसानों की सूची बनाकर दावा आपत्ति भी आमंत्रित किया था, राहत राशि मिलने में विलंब होने पर किसान बंधु के नेतृत्व में किसानों ने धमधा के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था किन्तु 5 माह में भी लगभग 35 गांव के प्रभावित किसानों को राहत राशि नहीं मिली इससे आक्रोशित किसानों ने किसान बंधु के टेकसिंह चंदेल के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी को ज्ञापन सौंपकर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत राशि प्रदान करने का आग्रह किया, संयुक्त कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह में सर्वे सूची में शामिल प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान कर दिया जाएगा,

किसानों ने आगाह किया है कि यदि एक सप्ताह में प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया तब आंदोलन करने के लिए किसान मजबूर हो जायेंगे, किसानों के प्रतिनिधि मंडल में ढालू वर्मा, आत्माराम साहू,गिरिश साहू,रामपाल, रोशन वर्मा, धनेश्वर वर्मा और छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के राजकुमार गुप्त आदि शामिल थे।

### मनीषा को मिली पीएचडी



**भिलाई।** दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा विषय में खालसा महाविद्यालय दुर्ग की सहायक प्राध्यापिका मनीषा वर्मा को उनके शोध विषय दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का संज्ञानात्मक शैली एवं आत्मा प्रभावकारिता पर प्रभाव का अध्ययन के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शोध निर्देशक डॉ शबनम खान एवं सहशोध निर्देशक डॉ कविता वर्मा है। उन्होंने अपनी उपलब्धि के लिए पति लोकेश कुमार वर्मा, माता शकुंतला वर्मा, ससुर लेखराम वर्मा एवं सास कल्याणी वर्मा को श्रेय दिया।

## रामदेव बाबा दरबार में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर रविवार को श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। दरबार में सुबह से ही भजन कीर्तन की गूंज गंजयमान रही।

जिसकी धुन में नाच गाकर श्रद्धालुओं द्वारा गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की गई। इस दौरान भक्तमाता शांतादेवी बापजी से आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही।



महोत्सव में पूर्व विधायक अरुण वोरा सपरिवार शामिल हुए। उन्होंने भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहर की सुख समृद्धि के लिए कामना की। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए दरबार पहुंचे।

महोत्सव में विशेष पूजा अर्चना व महाआरती उपरांत महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महोत्सव में दुर्ग भिलाई के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से श्रद्धालु शामिल हुए। फलस्वरुप दरबार में दिनभर मेला का माहौल रहा। इस दौरान श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, सुश्री पायल जैन, आशीष जैन, महावीर बाफना, प्रवीण पींचा, गौरव बजाज, राकेश धाडीवाल, गौतम धाडीवाल मोंटी सोनी, मनीष छाजेड़, संतोष छाजेड़, प्रशांत शर्मा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

### बीआईटी में आयोजित होगी विभागीय परीक्षाएं

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग द्वारा 5 से 13 अगस्त 2024 तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की गई है। विभागीय परीक्षा हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को परीक्षा केंद्र नामांकित किया गया है। संभागायुक्त दुर्ग ने प्राचार्य भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को पत्र प्रेषित कर विभागीय परीक्षा संचालन हेतु उक्त अवधि के लिए आवश्यकतानुसार 3 कक्ष आरक्षित करने तथा परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था कराने कहा है।

हरिभूमि पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक

# नगरीय निकाय में एक वार्ड से एक ही कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज

दुर्ग जिला भाजपा की विस्तृत कार्य समिति बैठक एक निजी होटल में संपन्न हुई। इस दौरान भाजपा द्वारा लोकसभा और विधानसभा में जीत के बाद आगामी दिनों होने वाले नगरी निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि, नगर निगम चुनाव में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसलिए प्रत्येक वार्ड से सिर्फ एक ही कार्य करता चुनाव लड़ेंगे इसके लिए दो



नाम नहीं आने चाहिए।

लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि, प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार चुना जाना बहुत बड़ी बात है क्योंकि आज का समय काफी चुनौतीपूर्ण है। श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस के 67 साल के काम की तुलना में श्री मोदी के 10 वर्षों में दुगुने काम हुए। जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल कहा कि प्रदेश में दुर्ग जिला सबसे चुनौतीपूर्ण राजस्व जिला है, जिसमें लगभग 5 मंत्री थे, इन चुनौतियों के बीच दुर्ग जिला के कार्यकर्ता 45 डिग्री का टेंपरेचर के बीच में दुर्ग के पटेल चौक में भी धरना प्रदर्शन कर पार्टी को जीत की ओर ले गए हैं। मुझे फक्र है और खुशी है कि मैं इस जिले का प्रभारी हूं। दुर्ग संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी की विशेष उपस्थिति एवं लोकसभा सांसद विजय बघेल, जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, रविशंकर सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक दयाराम साहू, सावलाराम डहरे, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, माया बेलचंदन उपस्थित रहे। जिला आयोजित कार्यसमिति की बैठक में वरिष्ठ नेताओं द्वारा आगामी कार्यक्रमों और चुनाव को लेकर तैयारी और कमर कसने का आह्वान किया।

### विधायकों ने किया संबोधित

पूर्व विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने कहा कि भाजपा की यह विस्तारित कार्यसमिति ऐसे महत्वपूर्ण और विलक्षण समय पर हो रही है जब भाजपा ने चतुर्दिक विकास की ऐतिहासिक गाथा लिखी है। भाजपा विधायक एवं जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की यह कार्यसमिति विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के प्रधानमंत्री पद पर लगातार तीसरी बार चुने जाने पर नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई देती है। विधायक गजेंद्र यादव ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कहा कि वर्तमान में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेता पार्षद एवं पंच सरपंच का चुनाव लड़ने और जीतने के पश्चात बड़े पद पर सुशोभित है। आगामी दिनों वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आप सभी अपनी तैयारी प्रारंभ करते हैं क्योंकि हम सबका एक ही सपना होना चाहिए और एक ही लक्ष्य होना चाहिए की पंच सरपंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा और भगवा हो। आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, पाध्ये, विनायक नातू, दिलीप साहू, अलका बाघमार, कांतिलाल जैन अरविंदर खुराना मंत्री आशीष निंमजे, रोहित साहू, अमिता बंजारे, पवन शर्मा, मनोज मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी मनोज सोनी, सह कार्यालय प्रभारी अनूप सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 अगस्त 2024
19 सितंबर 2024
14 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)


02 काम के दौरान 'सुरक्षा प्रथम' की मानसिकता का होना जरूरी

**लाइव इवेंट**

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्कूलों में इको क्लब का गठन

**भिलाई।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में राष्ट्रव्यापी शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत 27 जुलाई को मिशन लाईफ भी मनाया जाएगा। इसके तहत पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को लेकर बच्चों में जागरूकता के लिए स्कूलों में इको क्लब के गठन के किया जाएगा। इको क्लब के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। इको क्लब के सदस्यों को समुदाय के समक्ष 27 जुलाई को शपथ दिलाई जाएगी। इस दिन प्रत्येक स्कूल में कम से कम 35 पौधों का रोपण कर उनके देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी स्कूली बच्चों को दी जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में मिशन लाइफ के लिए नए इको क्लब गठन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार स्कूल प्रधानपाठक, प्राचार्य इको क्लब का प्रमुख, संरक्षक होंगे। पोस्ट ग्रेजुएट टीचर इको क्लब के प्रभारी होंगे। इको क्लबों में प्रत्येक कक्षा से 4-5 छात्र शामिल किया जाएगा। मिशन लाइफ के लिए एक छात्र को क्लब का इको अध्यक्ष बनाया जाएगा। भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मेरिलाइफ पोर्टल (https://meril-ife) पर मिशनलाइफ के अंतर्गत पौधरोपण की जानकारी annaduraid@nic.in अपलोड की जाएगी। पौधे लगाने से लेकर उसकी सेवा करने तक की फोटो (जियोटैग) साझा करेंगे, स्कूलों को वृक्षारोपण अभियान की जियोटैग की गई छवियां गूगल ट्रैकर साझा की जाएगी।

**सिटी इवेंट**

## जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का सम्मेलन आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला इकाई द्वारा 22 जुलाई को शाम 7:30 बजे से आनंद मंगलम, शिवनाथ नदी रोड में चेंबर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे। विशेष अतिथि के रूप में महापौर धीरज बाकलीवाल, चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी, कैट प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, चेंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा मौजूद रहेंगे। उक्तआशय की जानकारी देते हुए चेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला व चेंबर दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रहलाद रूंगटा ने बताया कि सम्मेलन में जिला इकाई के गतिविधियों और व्यापारी हितों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन की तैयारी में चेंबर प्रदेश मंत्री अशोक राठी, दुर्ग जिला इकाई चेंबर चेयरमैन पवन बड़जात्या, महामंत्री प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हरीश श्रीश्रीमाल, जिला चेंबर युवा विंग अध्यक्ष रवि केवलतानी, जिला चेंबर महिला विंग अध्यक्ष सुश्री पायल जैन, उद्योग भारती संयोजक संजय चौबे के अलावा चेंबर व कैट के अन्य पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

**सिटी इवेंट**

## लंगूरवीर मंदिर में अभिषेक और पाठ, कन्याओं को कराया भोज



**दुर्ग।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान मंदिर लंगूरवीर हनुमान मंदिर शनिचरी बाजार में विशेष अभिषेक और पूजन का कार्यक्रम हुआ। हनुमान का विशेष श्रृंगार किया गया। गुरुकुल के स्टाफ के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ, पूजा आरती की गई। इस अवसर पर शिष्यों ने नाट्य मंचन भी किया। इसके बाद महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। गुरुकुल के तत्वावधान में एवं रूद्र सेना के सहभागिता से गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लाह से बनाया गया। मंदिर समिति के मानव सोनकर, रूद्र सेवा के तरफ से अरुण बेरी ने बताया कि इस पुनीत कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चों के साथ-साथ गुरुकुल की शिक्षक मौजूद थे। उनके सानिध्य में बच्चों को संस्कृत की शिक्षा दी जा रही है। आयोजित कार्यक्रम में आशीष शर्मा, प्रशांत क्षीरसागर, मुन्ना, रविंद्र सिंह प्रताप, ज्ञानेंद्र पांडे, योगेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

**● गुरु पूर्णिमा : गायत्री मंदिर, गजानन मंदिर, बुद्ध कुटी से लेकर दुर्ग-भिलाई में अनेक कार्यक्रम**

# तीन लोक नौ खंड में गुरु से बड़ा न कोय...

भिलाई। तीन लोक नौ खंड में, गुरु से बड़ा न कोय, करता जो न करि सकै, गुरु के करे सो होय। अर्थात तीनों लोकों नौ खंड में गुरू से बड़ा कोई नहीं है। विधाता, विधि लिखित विधान से बंधे होने के कारण हमारे प्रारब्ध को नहीं मिटा पाते किंतु समर्थ सद्गुरू प्रारब्ध के कर्मफल को सुकृति में बदल देते हैं। गुरु के द्वारा दिखाए मार्ग आदर्शों का जो अनुसरण करता है, उसके जीवन की हर कठिनाई अपने आप ही दूर हो जाती है। गुरु ईश्वर के समान होता है। प्रत्यक्ष में ईश्वर के रूप में गुरु का साक्षात्कार होता है। जिसका अनुसरण करने से मनचाहा जीवन प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए हर किसी को अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। रविवार को दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गायत्री मंदिर, गजानन मंदिर, बुद्ध कुटी से लेकर अन्य जगहों पर कार्यक्रम हुए। गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री शक्तिपीठ कैम्प-2 पावर हाउस, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। गायत्री मंदिरों में गुरुसत्ता का स्मरण करते हुए 12 घंटे का गायत्री मंत्र से अखण्ड जाप किया गया। सुबह दैनिक आरती, अभिषेक, श्रृंगार किए गए। पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ।



### शिव गायत्री मंदिर रिसाली में सांसद बघेल पहुंचे

शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर में सांसद विजय बघेल अपनी पत्नी रजनी बघेल के साथ आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से अनुष्ठान किया। गुरुओं को सम्मान देने की बात कही। अन्य जगहों पर आयोजित समारोह को उप जोन समन्वयक एसपी सिंह ने भी संबोधित किया। गायत्री प्रज्ञा पीठ रामनगर मुक्तिधाम में आयोजित गुरुपूर्णिमा पर्व एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह में वैशालीनगर विधानसभा रामनगर क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सेन, भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय सेन, रमाकांत गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। आयोजित सम्मान समारोह में समय लाल साहू, बीपी सिंह, सांता साहू, रामबाई वर्मा, भगवान वर्मा, प्रमिला दमाहे सहित अन्य मौजूद थे।



### सुख-समृद्धि के लिए महामृत्युंजय, गायत्री मंत्र का जाप

गायत्री मंदिरों में मंगलमय जीवन, उज्जवल भविष्य एवं सुख-शांति व समृद्धि की कामना करते हुए 24-24 बार गायत्री मंत्र और 5 बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। यज्ञ में आहुति समर्पित की गई। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित गुरुपूर्णिमा पर्व पर शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। केम्प-2 शारदा पारा पावर हाउस स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित गुरुपूर्णिमा पर्व पूजन के मुख्य अतिथि वैशालीनगर रिकेश सेन थे। रिकेश ने कहा कि हम बदलेंगे तो युग बदलेगा। मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण की कल्पना ही नहीं उद्घोष कर देना किसी सामान्य व्यक्ति की बात नहीं हो सकती। बल्कि किसी अवतारी चेतना की बात होती है। इस युग में ऐसी ही अवतारी चेतना हम सबके गुरु ही नहीं सद्गुरु श्रीराम शर्मा ने तप बल से युग को बदल देने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. अरुण श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

### धम्म प्रवर्तन दिवस पर अषाढ़ी पूर्णिमा मनी



नेहरू नगर पश्चिम में महिला सशक्तिकरण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं नेहरू नगर पश्चिम इकाई द्वारा धम्मा चक्र प्रवर्तन आषाढ़ी पूर्णिमा मनाया गया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं शाक्य मुनि महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं द्वारा तिरि शरण पंचशील बुद्ध वंदना का सामूहिक पाठ किया गया। अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने बताया वैशाखी पूर्णिमा को जब सिद्धार्थ गौतम जब ज्ञान की प्राप्ति हुई, जिससे वे सम्यक समबुद्ध कहलाए। तब उनके मन में आया कि मैं इस ज्ञान को सबसे पहले किसको बताउं। आषाढ़ी पूर्णिमा के दिन ही पंचवर्गी भिक्षुओं को बताया और उन्होंने अपने धर्म चक्र प्रवर्तन को पूरे विश्व में प्रचार प्रसार के लिए फैलाया। इस अवसर पर प्रज्ञा बौद्ध, मीणा नारनौरे, रंजन वाल वालवानदरे, शोभा जामुलकर, सुनंदा गजभिए, प्रतिमा गेडाम सहित अन्य मौजूद थे।



### सांई मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन

सांई मंदिर सेक्टर-6 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां 50 से ज्यादा लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके अलावा सुबह से भक्त मंदिर पहुंचते रहे। पूरे दिन सांई भजन का आयोजन भी हुआ। दुर्ग सांई मंदिर कसारीडीह में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते रहे। मंदिर के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ और महासचिव धनेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि इस अवसर पर देर शाम महाप्रसादी वितरण किया गया। राम रसोई के माध्यम से भंडारा का भी आयोजन किया गया। इधर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सेक्टर 2 रामभद्र सेवा मंडल में गुरु शिष्य परंपरा को निभाते हुए आने धार्मिक आयोजन मंदिर में किए गए। इस अवसर पर मंडल के संस्थापक आचार्य प्रेम नारायण शर्मा के शिष्यों द्वारा सुबह से ही भजन कीर्तन व सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया था।

### गजानन मंदिर गजानन नगर में गुरु पूर्णिमा



गजानन महाराज मंदिर गजानन नगर दुर्ग में आषाढ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को अर्थात रविवार को गुरु पूर्णिमा पर अनेक कार्यक्रम हुए। सुबह अभिषेक किया गया। नये वस्त्र परिधारण कराए गए। इसके बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे महाआरती एवं महाभोग को वितरित किया गया। शाम 5.30 बजे से 7 बजे तक भजन एवं रात्री 7 बजे से 8 बजे तक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### यादव समाज ने किया बिसे को सम्मानित



गुरु पूर्णिमा पर राजनीतिक के पुरोधा मानें जाने वाले बिसे यादव सम्मानित किए गए। गहिरा गुरु राजेश यादव ने उन्हें शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। गहिरा गुरु ने कहा कि बिसे गुरुजी यादव समाज की आन, बान, शान हैं। उन्होंने अपने आपको एक दबंग राजनेता के रूप में स्थापित किया। वे भाजपा को मध्य प्रदेश में स्थापित करने वाले संस्थापक सदस्य रहे। उन्हें शहर ने छिन्नमस्त की उपाधि दी। पिताम्बरी गमछा पहनाकर और चरण वंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हर्ष हिंद यादव, उमराव यादव, मधुकांत कोसे, महेश साहू, उत्तम वर्मा, भूतिवर्धन यादव, भागवत यादव, कमलेश यादव, यशवंत ठाकुर, प्रिय हिंद यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम




नेहरू नगर स्थित निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम में गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंगलदास उपस्थित रहे। शुरुआत सामूहिक गुरू महिमा पाठ से हुई। इसके बाद समिति के ट्रस्टी आत्मा राम साहू, खिलावन प्रसाद साहू तथा डॉ. हीरालाल साहू गुरु की महिमा पर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता मंगल दास ने कहा कि समाज में कबीर साहेब ने हमें अपने जीवन को उतार कर आत्मसात करें, तभी जीवन सार्थक होगा।इस अवसर पर कबीर भजनों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रेमा दास, शीला हिरवानी, उर्मिला साहू, जयंती साहू , कुमार भारद्वाज, केवी राव, गोविंद साहू, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर गुरु दीक्षा और भजन-कीर्तन का आयोजन



आचार्य पंडित संदीप तिवारी ने गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु दीक्षा दी।



रामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।



सेक्टर-6 स्थित साईं मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ी, कई लोगों ने गुरु दीक्षा भी ग्रहण की।

**12 अगस्त को निकलेगी कांवर यात्रा, बोल बम कांवर यात्रा समिति का आयोजन**

# 201 गांव के जल से होगा अभिषेक, एक मुट्ठी दान शंकर के नाम से होगा भंडारा

**कॉर्नर न्यूज**



**भिलाई।** बोल बम कांवर यात्रा समिति द्वारा पाटन में सावन उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस बार के आयोजन में खास यह है कि 201 गांवों से लाए जल से भगवान शिवर का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए पाटन से 12 अगस्त को कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इतना ही नहीं एक मुट्ठी दान शंकर के नाम से अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत समिति के सदस्य गांव-गांव तक पहुंचकर अनाज का दान ले रहे हैं।



### 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पहुंचेंगे टोलाघाट

12 अगस्त को कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। समिति के दिलीप साहू ने बताया कि किकिरमेटा लेकर अमलेश्वर और सेलूद से लेकर पाटन तक के भगवान भोले के भक्त सुबह 8 बजे तक पुराना बाजार चौक पहुंचेंगे। जहां से सारे भक्त ओग्गर तालाब स्थित भगवान शिव के मंदिर में एकत्रित होंगे। इसके बाद पांच किलोमीटर दूर खारून नदी तट स्थित टोलाघाट पहुंचेंगे। जहां जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान महाप्रसादी और भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### एक मुट्ठी दान अभियान गांव-गांव में

महाप्रसादी तैयार करने के लिए आयोजन समिति के सदस्य गांव-गांव में पहुंच रहे हैं, जिनके द्वारा तेल, घी, चावल, गेंहू, आटा से लेकर अन्य सामानों का दान किया जा रहा है। इन सारे सामानों को एकत्रित कर टोलघाट स्थित भगवान शिव के मंदिर पहुंचाया जाएगा। जहां महाप्रसाद तैयार किया जाएगा। आयोजन में भाजपा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। इस बार के आयोजन में 3 हजार से ज्यादा भक्तों के आयोजन में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

### पिछली बार 16 हजार से ज्यादा रूद्राक्ष बांटे

आयोजन समिति ने पिछली बार 16 हजार से ज्यादा रूद्राक्ष का वितरण किया था। इसकी वजह से आयोजन को लेकर खासी चर्चा रही। पूरे जिले के भगवान के भक्त इस कांवर यात्रा में शामिल होने पहुंचे। बता दें कि बोल बम कांवर यात्रा समिति द्वारा पिछले करीब 12 वर्षों से कांवर यात्रा निकाली जा रही है। इसमें पूरे पाटन विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी गांव के ग्रामीण शामिल होते हैं। इस आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह भी देखा जा रहा है। इस दान से महाप्रसाद तैयार कर वितरण किया जाएगा। कांवर यात्रा चारों दिशाओं से निकलकर टोलघाट पहुंचेगी। इस दौरान भव्य आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शिव पूजन का कार्यक्रम ओग्गर तालाब पाटन में होगा। कांवर यात्री पुराना बस स्टैंड चौक में एकत्रित होंगे। जहां से सुबह 9 बजे टोल घाट के लिए यात्रा प्रारंभ होगी।

## सिटी इवेंट

# चालीस वर्षों बाद मिलकर स्कूल के दिनों को किया याद



**भिलाई।** चालीस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 1 के विद्यार्थियों द्वारा एक होटल में अपना एलुमिनी मीट मनाया। सभी ने अपने चालीस वर्षों के सफर को अपने शब्दो में व्यक्त किए। सभी ने इसका खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन आयुक्त डी रविशंकर शामिल हुए। उन्होंने अपने आध्यात्मिक जीवन पर ढेरों बातें बताई, सभी साथियों ने उनसे अध्यात्म के बारे में प्रेरणा ली। इनमें से एक रूपेंद्र चंद्राकर ने कृषि कार्य को अपना जीवन यापन का जरिया बनाते हुए अपने फार्म हाउस के बारे में विस्तार से बताया। दानेश्वर ने सेक्सोफोन बजाया, उनके मधुर संगीत ने शमां बांधा। जिसका सभी ने खूब आनंद उठाया। इस ग्रुप के कई साथी तो सरकारी विभिन्न विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं वहीं पंकज अग्रवाल और विजय तिवारी मेडिकल के क्षेत्र में है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विवेक वाटवे नाशिक से और सुनील पाटिल जलगांव से आकर कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों को चालीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक यादगार स्वरुप स्मृति चिन्ह देकर हर वर्ष मिलने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विवेक वाटवे, दिलीप कोल्हे, संतोष दुबे, शैलेंद्र खंडेलवाल, जयंत, संजय मलिक, भूषण हिरवे, विद्युत नाथ, दानेश्वर, कमल श्रीवास्तव, चंदन दास, कन्हैया यादव, अरुण प्रधान, विजय तिवारी, कैलाश पाठक, हरविंदर पाल सिंह, रवि चौधरी, रूपेंद्र चंद्राकार, अतुल कुलकर्णी, डी.रवि शंकर आदि मौजूद थे।

## ● रतन भवन बांधा तालाब गंजपारा दुर्ग में साध्वी डॉ. सुमंगल प्रभा का प्रवचन

# चातुर्मास है धर्म जागरण का महापर्व, यह अनुभवों का उपहार देने वाला उत्सव

**भिलाई।** धर्म जागरण का महापर्व है, चातुर्मास जीवन को श्रेष्ठ बनाने करने का अवसर है। चातुर्मास जीवन निर्माण का शुभ अवसर है। चातुर्मास अनुभवों का उपहार देता है, यह चातुर्मास अज्ञान से ज्ञान की ओर जाने का मार्ग है। चातुर्मास के दौरान उक्त बातें साध्वी डॉ. सुमंगल प्रभा ने कहीं। चातुर्मास प्रारंभ होने की पावन बेला पर जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में उनके प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 8:45 बजे आनंद मधुकर रतन भवन में धर्म सभा प्रारंभ हुई। धर्म सभा की शुरुआत जयमल महाराज की स्तुति के साथ हुई। पाट पर महा सती डॉ. सुमंगल प्रभा, साध्वी डॉ. सुवृद्धि, रजत प्रभा, जी प्रांजल, जी एवं साध्वी वंदना विराजमान थीं। साध्वी सुमंगल चौहान ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के खेत में वर्षावास के दौरान अगर आपने सब गुरुवाणी नहीं सुनी और उसे अपने जीवन में नहीं उतारा तो हमारा जीवन अनाथ हो जाएगा। जीवन को पुष्पित और पल्लवी करने के लिए चातुर्मास आया है।। चातुर्मास कराने की उपयोगिता तभी है, जब हम उनसे सुनी वाणी को अपने जीवन में उतारने का पवित्र पुरुषार्थ करें। चातुर्मास को जागरुकता के साथ जन जागरण फैलाते हुए आगे बढ़ाना होगा, तभी यह हमारा चातुर्मास सफल हो पाएगा।



### श्रावक को माता-पिता की उपाधि : भगवंत

संत भगवंत ने आगे कहा कि श्रावक चार प्रकार के होते हैं, श्रावक को माता-पिता की उपाधि दी गई है। अगर कोई साधु-साध्वी समुदाय के द्वारा की गई गलतियों को सुधारने के लिए जैन आगम में श्रावकों को अम्मा पियरों की उपमा से अलंकृत किया गया है। उसी तरह श्रावक भाई के समान होता है, श्रावक को मित्र की उपमा से भी नवाजा गया है और श्रावक कांटे के समान होता है, जो हमेशा चुभने पर दर्द देता है। किसी की गलती देखकर निंदा करना चुगली करना और जो निंदा का आनंद लेने में अपना समय व्यतीत करता है, वह कर्म का भागीदार बनते हैं। उन्होंने आगे कहा करो या न से हम बहुत डरे हुए हैं। अब हमें अपने कर्मों से डरना है, हमने बहुत पढ़ा अब हमें आगम पढ़ना है। समाचार हमने बहुत सुना अब समाचारी को जीवन में उतारना है।



### धर्म सभा में अन्य संतों ने भी रखे विचार

धर्म सभा में अन्य संतों और साध्वियों ने भी अपने विचार रखे। डॉ. सुवृद्धि एवं प्रांजल ने भी धर्म सभा में जैन तीर्थों और सिद्धातों से जुड़ी जानकारी दी। बता दें कि जैन संतों का यह चातुर्मास आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। नियमित रूप से धर्म सभा होगी, जिसमें बाहर से आए संत अपने विचार रखेंगे। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से धर्मसभा का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी होंगे। इसमें आरती पूजन, भजन जैसे कार्यक्रम होंगे। वहीं गुरु पुर्णिमा के पावन अवसर पर एक पत्र गुरु के नाम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 200 शब्दों में अपने भाव गुरु के संदर्भ में लिखकर जमा लिया गया। आने वाले रविवार को इस प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि आगामी चार महीने तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

## सिटी लाइव

# सेवानिवृत्ति पर सम्मान से भावुक हुए बीएसपी के वरिष्ठ कर्मी



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में जून 4 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव पर शुभकामनाएं दी और सभी के स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन की कामना की। इन रिटायर कर्मियों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से नरेंद्र पाल सिंह, इंदरवीर सिंह आनंद, निदेशक प्रभारी सचिवालय से अशोक कुमार सिंह, पी मोहन राव, भूषण लाल गौर, अखिलेश कुमार, सतीश चंद्र सोनी, मुन्ना कुमार मेश्राम, नोहर सिंह कुर्रे, रामलाल, सुशील कुमार शर्मा, जोगिंदर, वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, बृजनंदन प्रसाद बंजारे, विजय कुमार श्रीवास्तव, जैसी जॉन, के श्यामलम्मा राव, भानु प्रकाश बंजारे, अनिता, अरुण कुमार ताम्रकार, कृपाराम गजेंद्र, राजेश कुमार अग्रवाल, नरेश कुमार, तामेश्वर, रघुवंशी, परऊराम ठाकुर, नेतराम साहू, रमेश कुमार लोधी, राजू नामदेव, विष्णु सिंह, नंदिनी, रामकृष्ण यादव, विनोद, संजय कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार मेंढे, के श्याम शेखर, ज्योति यादव, राजेंद्र कुमार शर्मा, जानकी बाई, भूषण दास साहू और अब्दुल मजीद शामिल है। सम्मान समारोह में रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बातें रखीं और सम्मान के लिए आभार जताया।

## खालसा पब्लिक स्कूल

# स्थापना दिवस पर मेधावी छात्र हुए सम्मानित, दी रंगारंग प्रस्तुति



**दुर्ग।** खालसा पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल दुर्ग से 46वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाला के दसवीं कक्षा के मेरिट में आये छात्र यशवंत कुमार पारकर एवं अविनाश बाघ को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिभा खोज सम्मान से सम्मानित हो चुके कृष्णकांत, ऋषिकांत एवं यशवंत पारकर का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में खालसा शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष तरसेम सिंह ढिल्लन, सचिव गुलबीर सिंह भाटिया, खालसा विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्दर पाल सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष कुलबीर सिंह सलूजा, हरमीत सिंह भाटिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्राचार्या लखविंदर कौर वालिया, रजिन्दरपाल सिंह एवं हरमीत सिंह भाटिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरस्कृत छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मेरिट में आये छात्रों के अभिभावक उपस्थित थे। एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समारोह का समापन किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्या मनिन्दर कौर ने किया।

### उत्कल समाज की महिलाओं ने पौधरोपण कर सहेजने लिया संकल्प



**भिलाई।** जय जगन्नाथ उत्कल संस्कृति महिला मंडल द्वार सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्वीटी कौशिक व ललिता पाठक उपस्थित थी। इस दौरान उत्कल संस्कृति महिला मंडल अध्यक्ष संजू साहू, सचिव अनिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष मिनती रथ, संध्या महापात्रा, सरोजिनी पाणिग्रही , नमिता साहू ,पुष्पलता कर, नमिता त्रिपाठी, ममता मिश्रा, सागरिका रथ, इंदिरा रथ, मिनती नायक, दमयंती साहू ,पूजा साहू, सविता साहू, रीना दास, पवित्रा मिश्रा, ज्योति पांडा, जूली साहू, जोशना मलिक, विजयलक्ष्मी साहू, लक्ष्मी साहू ,अक्षिति मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सुरक्षा के लिए किया जागरुक

# काम के दौरान 'सुरक्षा प्रथम' की मानसिकता का होना जरूरी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एचआरडी केंद्र के मुख्य सभागार में एक विशेष कार्यक्रम पांचवे लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन (एलजीआई) का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय व विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक और विभाग प्रमुख प्रवीन राय भल्ला थे । 87 अधिकारियों ने भाग लिया। वरिष्ठ प्रबंधक ने अजय टल्लू ने सुरक्षा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि नेसभी विभागों को अपने कर्मचारी साथियों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया तथा संगठन के प्रत्येक स्तर पर "सुरक्षा प्रथम" की मानसिकता अपनाने का सुझाव दिया । श्री भल्ला ने आपसी संवाद व जीएम जे. तुलसीदासन तथा सहायक प्रबंधक अभिषेक सिंह द्वारा टूल बॉक्स टॉक पर चर्चा की गई।

**लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन**

## समाज इवेंट

# भविष्य गढ़ने के साथ स्वस्थ भी रहेंगे बच्चे, खेल का सामान बांटे



**भिलाई।** सांदीपनि बालक हॉस्टल फरीद नगर में शिक्षण सामग्री और खेल का सामान वितरित किया गया। इस दौरान यहां रह रहे बालकों ने इन उपहारों के लिए खुशी जाहिर की और गोल्डन एंपथी फाउंडेशन की पहल पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों तथा जिला शिक्षा विभाग से आए अधिकारियों से वायदा किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी पूरा ध्यान देंगे। जीई फाउंडेशन ने अपने शिक्षा अभियान का चौथा चरण समग्र शिक्षा अभियान के तहत सांदीपनि बालक हॉस्टल फरीद नगर में आयोजित किया। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने यहां बच्चों के बीच पहुंच कर उनसे संवाद किया और करियर मार्गदर्शन दिया। सहायक परियोजना अधिकारी गीता शर्मा ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि यदि गुरु ने हमें ज्ञान दिया है तो उसकी तुलना में पृथ्वी में कुछ भी नहीं है। हास्टल अधीक्षक धर्मजीत साहू ने कहा कि गुरु का सम्मान सर्वोपरि है। इस दौरान जीई फाउंडेशन की ओर से के वी विनोद और अजीत सिंह ने बच्चों को खेलों में ध्यान देने प्रोत्साहित किया।

## जेसीआई दुर्ग-भिलाई महावीर जैन पब्लिक स्कूल पुलगांव में मेगा प्लांटेशन ड्राइव

कार्नर न्यूज

# नीम, जामुन, आम व कचनार पौधों से धरती का किया श्रृंगार, चलाया ग्रीन रिवोल्यूशन के लिए अभियान

**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई ग्रीन रिवोल्यूशन अभियान के तहत अब तक 1700 पेड़ लगाए जा चुके हैं। अध्यक्ष योगेश राठी के नेतृत्व में शहर 5100 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जेसीआई दुर्ग-भिलाई ग्रीन रिवोल्यूशन अभियान में जैन तरुण क्लब दुर्ग के साथ मिलकर, महावीर जैन पब्लिक स्कूल पुलगांव के पास वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया गया। जिसमें फलदार व छायादार 51 पौधे लगाए गए। जिसमें नीम, पीपल, जामुन, आम, कचनार आदि विविध पौधों से धरती मां का श्रृंगार किया गया। विद्यार्थियों द्वारा इस जनकल्याणकारी वृक्षारोपण कार्यक्रम को किया गया जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस जनकल्याणकारी अभियान का मुख्य उद्देश्य पेड़ लगाना और उसे बचाना था। जेसीआई के अध्यक्ष जेसी योगेश राठी ने बताया कि सामाजिक और व्यापारिक संघटनों के साथ अब शैक्षणिक संस्थान मिलकर इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस दौरान कैलाश बकलीवाल और प्रधान अध्यापक सतीश कसार ने प्रतिज्ञा पत्र में हस्ताक्षर कर वृक्ष की देखभाल की जिम्मेंदारी ली है।



### पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाई, एकजुटता का भी संदेश

इस मेगा जेसीआई ग्रीन रिवोल्यूशन प्लांटेशन ड्राइव ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समुदाय के सभी वर्गों को एकजुट कर एक मजबूत संदेश भी दिया कि हम सब मिलकर ही अपने पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं।

### प्रकृति सहेजने संस्थाएं आएं आगे

कार्यक्रम संयोजक आर्किटेक्ट राहुल श्रीवास्तव व प्रांजल ने बड़ों के साथ बच्चों को भी पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। अभियान को बाय द स्टूडेंट्स, फॉर द स्टूडेंट्स थीम पर रखा गया और पौधारोपण विद्यार्थियों से कराया गया। जेसीआई के वरिष्ठ सदस्य अनिल अरोरा एवं अंकित पटोदी ने कहा कि प्रकृति को सजाने-संवारने का जेसीआई का यह प्रयास अपने आप में बहुत सुकून देने वाला है और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर करना और भी जोरदार है। कार्यक्रम संयोजक अमित अग्रवाल और आदित्य राठी ने अभियान को आगे बढ़ाते हुए फलदार व छायादार पौधों का चयन किया। इस दौरान प्रशांत गोलछा ने कहा कि हम सब इस धरती पर किराए से रह रहे हैं और धरती मां को अब किराया चुकाने का सबसे सही वक्त और तरीका पेड़ लगाना है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंतराष्ट्रीय शतरंज दिवस पर नन्हें खिलाड़ियों ने शह और मात देने की जोर आजमाइश



**रायपुर।** अंतराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर रविवार को जिला स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन अविनाश सिग्नेचर होम क्लब हाउस मे किया गया। इस प्रतियोगिता मे अंडर 07,09,11 और 13 आयु वर्ग के 112 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह मे सिग्नेचर क्लब के पदाधिकारियों और रायपुर जिला संघ ने बच्चों को आकर्षक ट्रॉफी और नगद प्राइज प्रदान किए।

इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही की 07 और 09 आयु वर्ग के 50 छोटे बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और सभी के पालको ने बच्चों को खूब प्रोत्साहित किया। आज हुई प्रतियोगिता मे अंडर 07 आयु वर्ग बालक मे प्रथम अवयुक्त अग्रवाल, द्वितीय युवान कश्यप बालिका वर्ग मे अनिका गुप्ता प्रथम, द्वितीय अंशिका अग्रवाल रही। प्रतियोगिता मे अंडर 09 आयु वर्ग बालक मे प्रथम राजवीर अजवानी , द्वितीय भव्य झवर बालिका वर्ग मे अनिका रेड्डी प्रथम, द्वितीय सावी साहू रही। अंडर-11 आयु वर्ग बालक मे प्रथम प्रणव अग्रवाल, द्वितीय अद्विवित्त पांडेय, बालिका वर्ग मे अद्विका पांडेय प्रथम, द्वितीय वरिमा विश्वकर्मा रही। अंडर-13 आयु वर्ग बालक मे प्रथम अभ्युदय तिवारी, द्वितीय विवान रॉय बालिका वर्ग मे आन्या खूबचंदानी प्रथम, द्वितीय हेतैशी मुदालियर रही। प्रतियोगिता के मुख्य आर्बिटर अनूप झा, और सह आर्बिटर हेमा नागेश्वर, संजना धर्मराज एवं सतीश शर्मा थे। टूर्नामेंट संचालक छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ से विकास शर्मा और रायपुर जिला संघ पदाधिकारी संदीप दीवान, गौरव दीवान और विवेक दुबे थे। टेक्निकल विशेष सहयोगी कैंडिडेट मास्टर विनोद शर्मा, इंटरनेशनल प्लेयर्स रविश पाठक और हरिवंश अग्रवाल थे।

### राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम गोवा रवाना



**रायपुर।** वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में गोवा एसोसिएशन के तत्वाधान में मापुसा गोवा में 24 से 28 जुलाई तक सीनियर एवं मास्टर्स महिला एवं पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 1000 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि स्पर्धा में शामिल होने वाले राज्य के सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन रायपुर में आयोजित 11 वी राज्य स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता एवं गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। प्रतियोगिताओं में राज्य के 50 महिला पुरुष खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में भाग लेंगे। रायपुर राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, मुंगेली, धमतरी सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ी महासचिव आकाश गुरुदीवान के नेतृत्व में इंटरनेशनल रेफरी मयंक डडसेन, मनीष बाग, नजमा खान तथा कोच के रूप में विशाल हियाल के साथ हिस्सा ले रहे है।

### शासन के प्रोत्साहन से तलवारबाज रीबा और रूपाली ने न्यूजीलैंड में लहराया भारत का परचम



**रायपुर।** तलवारबाजी की खिलाड़ी रीबा बेन्नी और रूपाली साहू ने 12 से 19 जुलाई तक क्राईस्टचर्च न्यूजीलैण्ड में सम्पन्न जूनियर कामनवेल्थ तलवारबाजी प्रतियोगिता में भारतीय टीम को सिल्वर मेडल दिलवाया। खेल संचालक तनुजा सलाम ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से बधाई दीं। ज्ञात हो दोनों खिलाड़ियों ने न्यूजीलैण्ड जाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग से आर्थिक मदद के लिए आवेदन किया था। खेल संचालक तनुजा सलाम ने इन खिलाड़ियों को जिनमे रिबा बेन्नी को रू 4 लाख और रूपाली साहू को रू 3.5 लाख की आर्थिक सहायता दिये जाने की अनुशंसा सहित प्रकरण राज्य शासन को प्रेषित किया था।

खेल संचालक के प्रस्ताव पर खेल सचिव हिमशिखर गुप्ता और खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वीकृति प्रदान की। विदित हो कि इन खिलाड़ियों ने तलवारबाजी में बेहतर प्रदर्शन के लिए बहुत परिश्रम किया है। अपने बेहतर प्रदर्शन और तकनीक के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त करने में सफल रहीं।

## पैनिक अटैक और मिर्गी में हैं अंतर, डाक्टर से जरूर लें परामर्श

# पैनिक अटैक आने पर घबराएं नहीं जानें लक्षण और बचाव के उपाय

*बिगड़ी जीवन शैली के कारण लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सबसे ज्यादा लोग तनाव और चिंता में डूबे रहते हैं। यह चिंता जब बढ़ जाती है तब व्यक्ति पैनिक अटैक का शिकार होता है। आइए जानते हैं पैनिक अटैक क्यों होता है? इसके लक्षण क्या है और इससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट कमल किशोर वर्मा इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।*



### क्या है पैनिक अटैक?

एक्सपर्ट के माने तो पैनिक अटैक डर और चिंता की एक तीव्र भावना है। यह अक्सर आपके साथ तब होता है जब आप अपने जीवन में होने वाली किसी घटना को लेकर चिंतित होते हैं या आप किसी तरह के खराब और तनावपूर्ण स्थिति का सामना कर रहे होते हैं। कई बार यह चिंता इतनी ज्यादा व्यक्ति पर

### पैनिक अटैक के कारण

इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे अगर आपके परिवार या करीबी में किसी को यह डिसऑर्डर है तो यह आपको भी होने की संभावना बढ़ जाती है। मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर में कुछ असंतुलन होना जैसे सेरोटोनिन और डोपामाइन में इंबैलेंस के कारण भी पैनिक अटैक आ सकता है।

### गहरी और लंबी सांस लें

पैनिक अटैक आए तो आपको गहरी और लंबी सांस लेनी चाहिए। कुछ देर टहलने भी अच्छा होता है।ठंडा पानी पीना चाहिए।ठंडी जगह पर लेट जाएं। अगर आपको बार बार यह समस्या हो रही है तो आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए। पैनिक अटैक शुरू होने की औसत उम्र 24 साल है। यह युवा लोगों मे अधिक देखा जाता है। इसका कारण युवाओं मे विषम परिस्थिति और तनाव का सही सामना ना कर पाना भी हो सकता है। नशा और खराब लाइफ स्टाइल भी इसका खतरा बढ़ा देते हैं।



### न्यूरोसिस ग्रुप की बीमारियों का संकेत

मानसिक अस्थिरता के लक्षण न्यूरोसिस ग्रुप की बीमारियों का संकेत हैं। डिप्रेशन, स्ट्रेस, एंग्जाइटी, ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर वो बीमारियां हैं जिनमें ऐसे लक्षण दिखते हैं। ये अधिक तनाव की स्थिति में भी दिख सकते हैं। कोई विचार मन में बहुत समय तक दबा कर रखने से भी पैनिक अटैक का खतरा बढ़ता है। इससे बचने के लिए सामाजिक दायरा बढ़ाएं, परिवार और मित्रों से जुड़े रहें। अपनी बात मन में ना रखें। परिजनों से साझा करें। अकेलेपन से बचें इसके लिए डायरी भी लिखी जा सकती है कोई हॉबी या शौक में भी समय देने का प्रयास करें। शारीरिक फिटनेस का भी ध्यान रखें। अचानक घबराहट होना और हिम्मत छोड़ देने का लक्षण भी पैनिक अटैक मे दिखाई पड़ता हैं। ऐसा होने पर डॉक्टर से जरूर संपर्क करें। पैनिक अटैक जानलेवा नहीं हो सकता। ऐसा होने पर हिम्मत रखें और तुरंत इलाज कराएं। आम भाषा में लोग पैनिक अटैक को घबराहट का दौरा भी कह देते हैं, परंतु ये मिर्गी के दौरे ना होकर के टेंशन के दौरे होते हैं ।



## नया घर बनाते समय जरूर जान लें वास्तु नियम, जीवन भर रहेंगे खुशहाल

किसी भी इंसान के लिए नया घर बनाना बहुत खुशी की बात होती है। नए घर में प्रवेश करना हर किसी के जीवन का एक खूबसूरत सपना होता है। ऐसे में घर बनाते समय हर छोटी बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है, इन्हीं में से एक है वास्तु के नियम। जी हां नया घर बनाते समय वास्तु नियमों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है, मसलन घर का मुख्य द्वार किसी दिशा में होगा, रसोई घर और शौचालय घर के किस हिस्से में होनी चाहिए, आदि।

दरअसल, वास्तु शास्त्र एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो ऊर्जा के प्रवाह और दिशाओं के आधार पर घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायता करता है। वास्तु के अनुसार, घर का मुख्य द्वार केवल लोगों के आने-जाने के लिए नहीं, बल्कि ऊर्जा के प्रवाह के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। घर बनाते समय वास्तु के नियमों का पालन न करने से वास्तु दोष लग सकता है, जिसका सीधा असर घर में रह रहे परिजनों पर होता है। इसलिए घर बनाते समय वास्तु नियमों का पालन करना बहुत जरूरी होता है। तो चलिए इस लेख में घर बनाते समय के वास्तु नियमों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### किस दिशा में होनी चाहिए मुख्य द्वार?

मुख्य द्वार के लिए ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) सबसे शुभ दिशा मानी जाती है, क्योंकि इस दिशा में मुख्य द्वार रखने से सुबह के सूर्य का प्रकाश घर पर पड़ता है जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके अलावा उत्तर, पूर्व, उत्तर-पश्चिम, सबसे अच्छी दिशा मानी जाती है। इसलिए, यदि संभव हो तो, कोशिश करें कि घर का मुख्य द्वार इन्हीं दिशाओं में रखें।

### किस दिशा में नहीं होना चाहिए प्रवेश द्वार?

आमतौर पर घर के प्रवेश द्वार यानी मुख्य द्वार के लिए अशुभ मानी जाती है। मगर कई बार ऐसा होता है कि ऐसी परिस्थिति बन जाती है कि मुख्य द्वार दक्षिण दिशा में ही करना पड़ता है, ऐसे में नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए प्रवेश द्वार को दक्षिण-पूर्व दिशा में कर सकते हैं। इस दिशा को दक्षिणमुखी द्वार से बेहतर माना जाता है।



### रसोई घर की सही दिशा

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का रसोई घर हमेशा अग्नि कोण में होना चाहिए। अग्नि कोण यानी पूर्व-दक्षिण दिशा में। जैसा कि हम जानते हैं कि रसोई घर में अग्नि का प्रयोग होता है, ऐसे में नया घर बनवाते समय रसोई घर की दिशा को अग्नि कोण में ही रखना चाहिए।

### डाइनिंग हॉल की सही दिशा

वास्तु के अनुसार घर में डाइनिंग हॉल के लिए पश्चिम दिशा सबसे अच्छी मानी जाती है. इसके अलावा, डाइनिंग हाल को घर के दक्षिण-पूर्व दिशा में भी बनवा सकते हैं।

### बेडरूम की सही दिशा

वास्तु सिद्धांतों के अनुसार, नए घर में बेडरूम यानी शयनकक्ष के लिए सबसे अच्छी दिशा घर का दक्षिण-पश्चिम कोना है। इस दिशा में बेडरूम का होना सबसे शुभ माना जाता है।

## नाक की बनावट से जानिए व्यक्ति का स्वभाव और व्यक्तित्व

नाक, चेहरे का वह अंग है जो न केवल हमें सांस लेने में मदद करता है, बल्कि गंध और स्वाद का अनुभव करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके माध्यम से हम किसी भी इंसान के व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ अंदाजा लगा सकते हैं। नाक की बनावट के आधार पर इंसान के स्वभाव और व्यक्तित्व के बारे में जानिए।



### सीधी नाक

सीधी नाक वाले व्यक्ति सरल स्वभाव के होते हैं, ऐसे लोग जल्दी किसी से अपने मन की बात नहीं कहते हैं। सीधी नाक वाले लोग ईमानदार, निष्पक्ष और न्यायप्रिय होते हैं। ये लोग जीवन में संतुलन बनाए रखने में विश्वास रखते हैं। ये लोग विश्वसनीय और जिम्मेदार होते हैं और दूसरों पर भरोसा करते हैं। प्रेम के मामले में ऐसे लोगों को आमतौर पर असफलता ही हाथ लगती है।

### चपटी नाक वाले लोग

चपटी नाक वाले लोग मिलनसार, खुले विचारों वाले और अनुकूलनीय होते हैं। ये लोग नए लोगों से मिलना और दोस्त बनाना पसंद करते हैं। ये लोग सहज और सरल स्वभाव के होते हैं और ऐसे लोग जीवन का आनंद लेते हैं। ऐसे लोग कला और खेल के क्षेत्र में काफी रूचि रखते है। ईमानदार होने के साथ-साथ ये अपने परिवार का नाम रौशन करते हैं।

### शार्प नाक

आगे से हल्की झुकी हुई या तोते जैसी नाक जिसे शार्प नाक या तीखी नाक भी कहते हैं। ऐसे नाक वाले लोग तीक्ष्ण बुद्धि वाले और जिज्ञासु होते हैं। ऐसे लोग चीजों को गहराई से समझने की कोशिश करते हैं और हमेशा नई जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्सुक रहते हैं। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, ऐसे लोग महत्वकांक्षी होते हैं और अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित होते हैं।

### उठी हुई नाक

उठी हुई नाक वाले लोग महत्वाकांक्षी, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी होते हैं। ये लोग नेतृत्व की क्षमता रखते हैं और दूसरों को प्रेरित करने में सक्षम होते हैं। ये लोग जोखिम लेने से नहीं डरते और जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं।

### छोटी नाक

छोटी नाक वाले लोग जिज्ञासु, रचनात्मक और मिलनसार होते हैं। ये लोग नए अनुभवों के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और जीवन का आनंद लेना जानते हैं। ये लोग कला और संगीत में रुचि रखते हैं और रचनात्मक रूप से खुद को व्यक्त करना पसंद करते हैं।

## गूंथे हुए आटे का कई दिन करना है इस्तेमाल, तो ऐसे बनाए रखें ताजा

भारत के हर घर में गेहूं के आटे की रोटियां खाई जाती हैं। कुछ आसान से टिप्स को आजमाकर आप गूंथे हुए आटे को अधिक समय तक ताजा रख सकते हैं, ताकि रोटियां सॉफ्ट बनें।

### आटा गूंथते समय न करें ज्यादा पानी का इस्तेमाल

आटा ज्यादा हो या कम, ये ध्यान रखें कि उसे गूंथते समय ज्यादा पानी के इस्तेमाल से बचें। प्रयास करें कि कम पानी में अच्छा आटा गूंथे। ज्यादा गीला आटा लंबे समय तक नहीं चलता और खराब हो जाता है। अगर आटा अधिक ढीला हो जाए तो उसमें थोड़ा सूखा आटा मिला कर गूंथ लें।



### आटे में लगाएं तेल

आटा गूंथते समय उसमें थोड़ा तेल या घी जरूर डालें। ऐसा करने से रोटी अधिक समय तक सॉफ्ट बनी रहती है।

### आटे में गुनगुने पानी का करें इस्तेमाल

आटे को गूंथते समय पानी का इस्तेमाल होता है लेकिन नॉर्मल पानी की बजाय आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इससे आटा नरम होता है। इसके अलावा दूध की मदद से भी आटा गूंथा जा सकता है।

### गूंथा आटा स्टोर करने के टिप्स

ज्यादा आटा गूंथने पर अगर बच जाता है तो लोग उस फ्रिज में रख देते हैं लेकिन आटे को कभी भी फ्रिज में खुला नहीं रखें। आटे को एयर टाइट डिब्बे में भर कर रखें। आटे को रखते समय उसपर ऊपर ये घी या तेल लगा दें, फिर एयरटाइट डिब्बे में भर कर फ्रिज में रखें। इसस वह खराब नहीं होता।

**कार्नर न्यूज** सोशल मीडिया में बताए जाने वाले उपायों को अपनाने से पहले सच्चाई जान लें

# वायरल क्लीनिंग हैक्स बिल्कुल नहीं आते काम, भूलकर भी न करें इन्हें ट्राई

*बाथरूम से लेकर किचन की सफाई तक के लिए सोशल मीडिया पर आए दिन कई क्लीनिंग हैक्स हैं, जिसमें कुछ ऐसे टिप्स भी हैं, जो बिल्कुल भी काम नहीं आते हैं। आइए हम आपको आज उन्हीं हैक्स के बार में बताते हैं। घर की साफ-सफाई के लिए सोशल मीडिया पर कई तरह के रील्स वायरल होते आपने भी देखा होगा, जिसमें हैक्स, टिप्स और ट्रिक्स बताए जाते हैं।*



### सिरका और बेकिंग सोडा से टॉलेट की सफाई

यह कहा जाता है कि सिरका और बेकिंग सोडा का मिश्रण नालियों को साफ करने का एक बेहतरीन तरीका है। लेकिन, यह हमेशा कारगर नहीं होता है। यह मिश्रण कुछ गंदगी को हटा सकता है, लेकिन यह ज़िद्दी गंदगी या रुकावटों को दूर नहीं कर सकता है।

### अखबार से कांच की सफाई

कुछ लोग दावा करते हैं कि कांच की सतहों को साफ करने के लिए अखबार का उपयोग किया जा सकता है। लेकिन, यह सच नहीं है। अखबार में मौजूद स्याही कांच पर धब्बे लगा सकती है।

### टूथपेस्ट से सफाई

कुछ लोग दावा करते हैं कि टूथपेस्ट का उपयोग जूतों, चांदी के बर्तनों और अन्य सतहों को साफ करने के लिए किया जा सकता है। लेकिन, यह सच नहीं है। टूथपेस्ट में मौजूद घर्षण सामग्री कुछ सतहों को खरोंच सकती है।



### क्लीनिंग हैक्स को इग्नोर करना ही सही

कई बार आपने इसे आजमाया होगा तो पाया होगा कि यह फायदे के बजाय नुकसान पहुंचाते हैं। शीशे, गंदे कपड़े या बाथरूम टाइल्स को चमकाने के लिए हम उन घरेलू नुस्खे को अपना तो लेते हैं, लेकिन यह फेल हो जाते हैं। साफ होने की जगह उस पर और भी ज्यादा गंदगी बैठ जाती है। ऐसे में आइए हम आपको यहां बताते हैं कि किस तरह के क्लीनिंग हैक्स को इग्नोर करना ही सही होता है। यह टिप्स बाथरूम से लेकर किचन की सफाई तक की सफाई के लिए कारगर तो बताए जाते हैं, पर यह बिल्कुल भी काम नहीं आते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द बॉयज' की प्रशंसक हैं सुजैन, लेखकों की क्षमता से हुई प्रभावित

हॉलीवुड अभिनेत्री सुजैन हेवर्ड अपने बेहतरीन अभिनय के लिए प्रशंसकों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं। ड्रामा सीरीज 'ऑरेंज इज द न्यू ब्लैक' में तमिका वार्ड की भूमिका निभा चुकीं सुजैन हेवर्ड अब 'द बॉयज'



के चौथे सीजन में नजर आ रही हैं। सुजैन हेवर्ड ने 'द बॉयज' के चौथे सीजन में बेहद ही शानदार भूमिका निभाई है। प्रशंसकों को उनका अभिनय काफी पसंद आया। सुजैन हेवर्ड का कहना है कि वह खुद 'द बॉयज' की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं, क्योंकि यह सुपरहीरो शैली पर पूरे तरीके से वास्तविक दुनिया की समस्याओं को दिखाया गया है। 'द बॉयज' का चौथा सीजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'द बॉयज' का पांचवां सीजन 2025 में आ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान सुजैन ने 'द बॉयज' को लेकर अपनी राय पेश की और कहा, "मैं इस शो में शामिल होने से पहले इसकी बहुत बड़ी प्रशंसक रह चुकी हूं। मैं वास्तव में हमेशा एरिक (क्रिपके) और लेखकों की दुनिया में जो कुछ भी हो रहा था, उस पर प्रतिक्रिया करने की उनकी क्षमता से बेहद प्रभावित थी, या दुनिया में क्या होगा, यह भविष्यवाणी में आगे क्या होने वाला है, जैसे वे यह सब कुछ देख सकते हैं कि हमारी संस्कृति कहां जा रही है और किसी तरह हम इसे देख रहे हैं, जब यह हो रहा है या होगा।"

### टॉलीवुड

## 'विदा मुयार्ची' में दो लुक में दिखेंगे अजित कुमार

सुपरस्टार अजित कुमार अपनी नई फिल्म 'विदा मुयार्ची' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म तो जब रिलीज होगी तब होगी ही, लेकिन उससे पहले फिल्म



निर्माता अजित कुमार के लुक साझा कर-करके दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अब तक 'विदा मुयार्ची' के तीन पोस्टर सामने आ चुके हैं। तीसरे को 19 जुलाई, 2024 को जारी किया गया, जिससे एक नई बात का खुलासा हो गया है। 'विदा मुयार्ची' से अजित कुमार का जो नया लुक साझा किया गया है, उससे साफ हो गया है कि अभिनेता इस फिल्म में दो लुक में नजर आएंगे। नए पोस्टर में उनके बाल रंगे हुए है, जबकि पुराने वाले में वो सफेद बालों में दिखाई दिए थे। नए पोस्टर में उनके साथ अभिनेत्री त्रिशा भी नजर आ रही हैं। दोनों को मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। 'विदा मुयार्ची' को फिलहाल अजरबैजान में शूट किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 जुलाई तक यह शेड्यूल खत्म कर लिया जाएगा। इसके बाद फिल्म की टीम भारत लौटेगी और हैदराबाद में शूटिंग शुरू होगी। खबर है कि वहां आठ दिन की शूटिंग की योजना तैयार की गई है। 'विदा मुयार्ची' का निर्देशन मगिज थिरुमेनी कर रहे हैं और उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है। इसमें अजित और त्रिशा के अलावा रेजिना कैसंड्रा और अर्जुन भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। इसकी रिलीज की तारीख को लेकर अभी घोषणा नहीं की गई है।

### भोजपुरी

## धमाल मचा रहा पवन का गाना 'दांते से ओढ़नी दबा के'

पवन सिंह भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार हैं फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। उनकी कोई फिल्म या गाने के व्यूज लाखों-करोड़ों



में जाते वक्त नहीं लगता है। इस बार पवन सिंह की अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'सूर्यवंशम' का गाना 'दांते से ओढ़नी दबा के' रिलीज किया गया है। फिल्म का ट्रेलर तो पहले ही वायरल हो चुका है और अब यह गाना भी रिलीज होते ही मिलियन्स में व्यूज बटोर रहा है। पवन सिंह के भोजपुरी गाने 'दांते से ओढ़ने दबा के' को रिलीज हुए अभी कुछ ही घंटे बीते हैं। गाना बीते 5 जुलाई को रिलीज हुआ था। इसे अब तक 10 लाख से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। गाने में पवन सिंह का अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है, यही वजह है कि वह भोजपुरी म्यूजिक के शौकीन इस गाने का लुत्फ उठा रहे हैं। 'दांते से ओढ़नी दबा के' में पवन सिंह और अनुपमा यादव की दमदार आवाज और आस्था सिंह की दिलकश अदाएं फैंस को पसंद आ रही हैं। फिल्म सूर्यवंशम के निर्देशक रजनीश मिश्रा हैं और इसे यशी फिल्म्स (अभय सिन्हा) और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट द्वारा बनाया गया है। दांते ओढ़नी दबा के की म्यूजिक और लिरिक्स ऐसे हैं कि हर किसी को इसपर झूमने पर मजबूर कर देते हैं। भोजपुरी म्यूजिक प्रेमियों के बीच इस गाने की खूब चर्चा हो रही है। गाने को मिल रहे जबरदस्त प्यार से यह साफ हो गया है कि पवन सिंह की फैन फॉलोइंग कितनी तगड़ी है। बता दें कि पवन सिंह की फिल्म 'सूर्यवंशम' भी रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म सी स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें पावर स्टार पवन सिंह और आस्था सिंह के साथ शालू सिंह, चांदनी सिंह, गोपाल जी, माया यादव, अनूप अरोरा, राम सुजान सिंह, जोया खान, धामा वर्मा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के को-प्रोड्यूसर डॉ। संदीप उज्जवल और सुशांत उज्जवल हैं। इसका म्यूजिक संगीत रजनीश मिश्रा, एसबीआर और गाने प्यारेलाल यादव, रजनीश मिश्रा, विजय चौहान, रौशन सिंह विश्वास, प्रफुल्ल तिवारी के हैं।

### न्यूयॉर्क का जलवा

### लाइफ स्टाइल







न्यूयॉर्क फैशन वीक के सबसे अहम आयोजनों में से एक की शुरुआत बीती शाम हुई। रैम्प पर चलते मॉडल के पार्श्व में 1950-60 के दशक की याद दिलाते हुए तेज़ आवाज़ में उत्साहपूर्ण संगीत बज रहा था। वास्तव में यह सैंडी सैलिसबरी का "कम सॉफ़्टली" था, जो 1968 में रिलीज़ हुआ था। यहां नौजवान स्टूडेंट से लेकर बड़ी उम्र के भी फैशन के दीवाने मौजूद थे। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के डिजाइनरों ने एक से बढ़ कर एक कलेक्शन पेश किए।

## बारिश में भूल से भी न करें ये गलतियां, वरना झड़ने लगेंगे बाल

बारिश के मौसम की शुरुआत हो गई है। इस मौसम में घूमना तो सबको अच्छा लगता है लेकिन बारिश का मौसम अपने साथ कई तरह की परेशानियां लेकर आता है। त्वचा का चिपचिपापन और बालों का झड़ना बारिश की मुख्य परेशानियों में से एक है। लोग अपनी त्वचा का ध्यान तो रख लेते हैं लेकिन अक्सर वो बारिश में अपने बालों का ध्यान सही से नहीं रखते, जिसकी वजह से हेयर फॉल की मात्रा बढ़ती जाती है।

बारिश के मौसम में अगर बालों का ध्यान सही से नहीं रखा जाए तो बाल काफी गंदे होने लगते हैं और झड़ने लगते हैं। गंदगी की वजह से बाल अंदर से कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में इनका सही से ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ज्यादातर लोग तो अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिसकी वजह से उनके बाल झड़ने लगते हैं। आइए आपको भी इन गलतियों के बारे में बताते हैं ताकि आप इसे भूल से भी दोहराएं नहीं और बारिश में भी आपके बाल भी लहराते रहें।



### गीले बालों को खुला छोड़ना

बारिश में भीगने के बाद बालों को खुला छोड़ने से बाल उलझ सकते हैं और टूट सकते हैं। ऐसे में गीले बालों को तुरंत सुखाने की कोशिश करें।

### अधिक तेल लगाना

अक्सर लोगों को लगता है कि ज्यादा तेल लगाने से बाल मजबूत बने रहते हैं, लेकिन बारिश के मौसम में सिर पर अधिक तेल लगाने से बाल चिपचिपे हो सकते हैं और धूल और गंदगी चिपक सकती है। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं।

### बालों को साफ न करना

अगर आप नियमित रूप से बाल अच्छी तरह से धोएंगे नहीं, तो इससे भी बाल तेजी से झड़ेंगे। इसकी वजह से फंगस और बैक्टीरिया का संक्रमण हो सकता है। इसलिए बालों को नियमित रूप से धोना आवश्यक है।

### गीले बालों में कंघी करना

जल्दबाजी में लोग अक्सर गीले बालों में कंघी करते हैं, जिससे हेयर फॉल होने लगता है। ऐसे में हमेशा बाल पूरी तरह सूख जाने के बाद ही कंघी करें।

### हीटिंग उपकरणों का ज्यादा उपयोग

बारिश के मौसम में जितना हो सके ड्रायर, स्ट्रेटनर या कर्लिंग आयरन जैसे हीट स्टाइलिंग उपकरणों का उपयोग कम करें। ये बालों को और अधिक नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## हरियाली तीज के लिए तैयार करें अपना आउटफिट

फैशन





आज 22 जुलाई से सावन के महीने की शुरुआत हो रही है। इस पूरे महीने त्योहारों की झड़ी लगी रहती है। इन्हीं त्योहारों में हरियाली तीज भी शामिल है। सुहागिन महिलाओं के लिए हरियाली तीज का त्योहार काफी महत्वपूर्ण होता है। कई जगह सुहागिन महिलाओं के साथ-साथ कुंवारी कन्याएं भी यह त्योहार मनाती हैं। इस दिन सुहागिन महिलाएं 16 श्रृंगार करके हाथों में मेहंदी रचाती हैं और पूजा-अर्चना करती हैं।

हरियाली तीज का दिन उन महिलाओं के लिए भी बेहद खास होता है, जिनकी हाल ही में शादी हुई है। यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो सालभर से इस त्योहार का इंतजार कर रही थीं और अब सजने के लिए कुछ आइडियाज ढूंढ रही हैं, तो परेशान न हों, ये खबर आपके लिए है। अगर आप भी हरियाली तीज पर खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो अपने लिए आउटफिट अभी से तैयार कर लें। आउटफिट खरीदने से पहले की जान लें कि आजकल ट्रेंड में क्या है?

**साड़ी :** हर महिला को साड़ी पहनना तो काफी पसंद होता है। साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप किसी भी त्योहार के दिन बेझिझक पहन सकती हैं। ऐसे में हरियाली तीज के दिन हरे रंग की साड़ी पहनकर आप अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं।

**अनारकली सूट :** अगर साड़ी पहनने का मन नही है तो आप अनारकली सूट भी पहन सकती हैं। किसी भी कार्यक्रम के लिए अनारकली सूट काफी सही विकल्प माना जाता है। अपने पसंदीदा रंग का अनारकली सूट पहनकर आप तीज के दिन अपना जलवा बिखेर सकती हैं।

**शरारा सूट :** बहुत सी महिलाओं को शरारा सूट काफी पसंद होता है। ये आजकल काफी चलन में भी है। ऐसे में आप बिना सोचे-समझे अपने लिए शरारा सूट तैयार करा सकती हैं। आपको बाजार में कई तरह के रेडीमेड शरारा भी मिल जाएंगे।



**लहंगा :** अगर शादी के बाद पहली हरियाली तीज है तो अपने लिए लहंगा ही तैयार करें। नई दुल्हनों के ऊपर लहंगा या साड़ी ही ज्यादा जचती है। आपको बाजार में हल्के और भारी दोनों ही तरहों के लहंगे आसानी से मिल जाएंगे।

**गाउन :** इस तरह का गाउन भी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। आप चाहें तो ऐसा फ्लोरल हरे रंग का गाउन भी अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। अगर आपको ये रेडीमेड न मिले

## घर पर बनाएं ओरिजिनल फूल से इयररिंग्स, जानें तरीका

ज्वेलरी पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर इसके लिए अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को सर्च करते हैं, ताकि उन्हें अपनी कलेक्शन में शामिल कर सके। साथ ही, जब भी कहीं जानें के लिए तैयार हो तो उस ज्वेलरी को वियर कर सके। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि जो ज्वेलरी हमें चाहिए होती है वो बहुत कम मिलती है। इसके लिए आप घर में लगने वाले फूलों का इस्तेमाल करके भी अपने लिए लेटेस्ट डिजाइन वाले इयररिंग्स को तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप फ्लावर बुके में लगे फूलों का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इस आइडिया को टीवी एक्ट्रेस श्वेता महादिक ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने बताया कि कैसे आप इसे घर पर तैयार कर सकती हैं। इयररिंग्स बनाने के लिए फ्लावर, पर्ल-लटकन,इयररिंग्स हुक,यूवी रेजिन और यूवी लाइट का करें इस्तेमाल।



### इयररिंग्स बनाने का तरीका

इसे बनाने के लिए आपको पहले फूलों को प्रिजर्व करके रखना होगा। इसके बाद आपको इसे यूवी रेजिन के लिक्विड में डालना है।इसके बाद यूवी लाइट से अच्छे से सूखने देना है।इससे यह बिल्कुल ठोस हो जाएगा।अब आपको इसमें एक ड्रिल करना है। फिर इसमें नीचे की तरफ एक मोती एड करना है।इसमें ऊपर की तरफ इयररिंग्स हुक लगाना है।इस तरीके से आपके इयररिंग्स बनकर तैयार हो जाएगे।

**इन फूलों से बना सकती हैं इयररिंग्स :** आप घर पर गुलाब के फूल से इयररिंग्स बना सकती हैं। गेंदे और ऑर्केट फ्लावर का इस्तेमाल करके भी इयररिंग्स को तैयार कर सकती हैं। इससे आपको बाजार से जाकर फूल वाले इयररिंग्स को लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसकी जगह पर आप इसमें लगने वाली और एक्सेसरीज को लाकर इसे सुंदर बना सकती हैं। आप चाहें तो उसने ड्रॉप इयररिंग्स और हूप्स दोनों तरह के इयररिंग्स बना सकती हैं।

## आजकल चलन में हैं टोट बैग, बने लड़कियों की पहली पसंद

छोटे पर्स या बैग एक बार फिर फैशन में लौट आए हैं। ये सुविधाजनक हैं और समय के साथ भी। क्या आप गर्मियों के मौसम में रोजमर्रा के इस्तेमाल और ऑफिस जाने के लिए स्टाइलिश हैंडबैग की तलाश कर रही हैं? अगर हां तो क्यों न आप अपने स्टाइल में स्टाइलिश टोट बैग को शामिल करें। ये बैग आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं, क्योंकि वर्तमान में टोट बैग काफी लोकप्रिय हैं और खूब पसंद भी किए जा रहे हैं, खासकर लड़कियों के बीच।

**क्या है टोट बैग:** टोट बैग एक बड़ा बैग होता है, जिसमें चौड़ा मुंह और समानांतर हैंडल होते हैं। इस समय यह बैग अधिकतर वही महिलाएं चुन रही हैं, जो फैशन और उपयोगिता का सही मिश्रण चाहती



हैं। टोट बैग को किसी भी अवसर पर कैरी किया जा सकता है, क्योंकि यह दिखने में आकर्षक और बेहद उपयोगी है। इसमें आप लैपटॉप से लेकर अपनी जरूरत के कई तरह के सामान को रख सकती हैं।

**बेहद खास :** टोट बैग की खासियत यह है कि ये टिकाऊ होते हैं और अधिक वजन उठा सकते हैं। वहीं अधिकतर टोट बैग को कॉटन या नायलॉन से बनाया जाता है, जिस कारण ये पर्यावरण अनुकूल होते हैं। टोट बैग लंबे समय तक उपयोग करने, धोने योग्य और मजबूत होते हैं। यदि आप एक पर्यावरण-अनुकूल बैग की तलाश में हैं, जो आपकी खरीदारी को भी आसान बनाए, तो टोट बैग एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं।

**सुविधाजनक :** कैनवस और लेदर टोट बैग भी अच्छे विकल्प हैं। आप अपने मौजूदा पर्स या हैंडबैग की जगह इनमें से किसी एक का उपयोग कर सकती हैं। टोट बैग चुनने का मुख्य कारण यह है कि ये फैशन के साथ-साथ उपयोगिता भी प्रदान करते हैं, जिसमें आप बिना किसी समझौते के अपनी जरूरत की हर चीज ले जा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### मानसून में घूमने के दौरान अपनी त्वचा का रखें खास खयाल

## बारिश में ट्रिप पर जाने का है प्लान तो अपने साथ जरूर रखें ये स्किन केयर प्रोडक्ट

*बारिश के मौसम में घूमने का अपना अलग ही मजा होता है। हम जब भी घूमने जाते हैं तो जगह के हिसाब से कपड़े अपने साथ रख लेते हैं लेकिन त्वचा का ध्यान रखने के लिए हमारे पास प्रोडक्ट नहीं होते। जबकि ये आपको पता होना चाहिए कि हर जगह के मौसम में काफी अंतर होता है, जिसका असर आपकी त्वचा पर पड़ता है। बदलते मौसम की वजह से और लगातार सफर करने की वजह से त्वचा काफी डल होने लगती है। अगर आप सफर के समय अपनी त्वचा का ध्यान नहीं रखेंगे तो तस्वीरों में भी आपकी त्वचा डल दिखाई देगी। ऐसे में आपको यह पता ना बहुत जरूरी है कि बारिश के मौसम में सफर करते वक्त आपके कौन-कौन से स्किन केयर प्रोडक्ट अपने साथ रखने हैं।*



### सनस्क्रीन

बारिश में भी पराबैंगनी (अल्ट्रावायलेट) किरणें आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए वॉटर-रेसिस्टेंट सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। चाहें को जेल बेस्ड सनस्क्रीन का इस्तेमाल भी आप कर सकती हैं।



### टोनर

सफर में आपके पास एक एंटी-बैक्टीरियल और पोर्स टाइटनिंग टोनर जरूर होना चाहिए। ये आपकी त्वचा को ताजगी और स्फूर्ति देता है।

### क्लींजर और फेस वॉश

इस मौसम में चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में अपने लिए हल्का और जेंटल क्लींजर चुनें जो त्वचा को साफ रखे और अतिरिक्त तेल को हटाए। एक फेस वॉश को भी अपने साथ लेकर जाएं।

### मॉइस्चराइजर

अपनी त्वचा के हिसाब से ही एक मॉइस्चराइजर बैग में जरूर रखें जो त्वचा को हाइड्रेट रखे। ध्यान रखें कि ये चिपचिपा नहीं होना चाहिए।

### ब्लॉटिंग पेपर्स

इस उमस भरे मौसम में बहुत से लोगों को पसीना काफी ज्यादा आता है। ऐसे में ये पेपर्स आपकी त्वचा के अतिरिक्त तेल को हटाने के लिए काम आएंगे।

### लिप बाम

होठों को हाइड्रेट और सुरक्षित रखने के लिए मॉइस्चराइजिंग लिप बाम आपके पास जरूर होना चाहिए।

### एंटी-बैक्टीरियल वाइप्स

चेहरे को तरोताजा रखने के लिए आपके पास वाइप्स जरूर होनी चाहिए। ये उस वक्त भी आपके काम आएगी, जब आपको चेहरा धोने का वक्त नहीं मिलेगा।